आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

महाराष्ट्र में महायुति को प्रचंड बहुमत, झारखंड में हेमंत की वापसी

महाराष्ट्र	महायुति	महा अघाड़ी	अन्य
288 सीटें पर रूझान	223 सीटें	54 सीटें	11 सीटें

नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा व उसके सहयोगी दलों के गुट महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र के चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। चुनाव के शुरुआती रुझानों में भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन 100 सीटों को भी तरस गया है। सुबह 11.30 बजे तक के रुझानों के अनुसार, भाजपा नीत महायुति गठबंधन 223, महा विकास अघाड़ी गठबंधन 54 और अन्य 11 सीटों पर आगे चल रहे हैं। महाराष्ट्र में महायुति के 145 के बहुमत के आंकड़े को पार करने पर मुंबई भाजपा कार्यालय में मिठाइयां लाई गई हैं। भाजपा के नेता देवेन्द्र फणनवीश के घर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा जुट रहा है। सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र चुनाव के भाजपा प्रभारी आज मुंबई पहुंचेंगे जहां महायुति गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत कर अगला मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक 26 नवंबर को नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के

रुझानों में दोनों राज्यों की तस्वीर साफ होती दिख रही है। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सुनामी नजर आ रही है। बीजेपी, शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी यहां 223 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही हैं। MVA गठबंधन की बात करें तो वो 54 सीटों पर आगे चल रहा है।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को सभी 288 सीटों पर एक साथ मतदान हुआ। सत्तारूढ़ महायुति में शामिल BJP ने 149 सीट, एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 81 सीट और अजित पवार के नेतृत्व वाली NCP ने 59 सीटों पर चुनाव लड़ा। एमवीए में शामिल कांग्रेस ने 101, शिवसेना (UBT) ने 95 और NCP (शरदचंद्र पवार) ने 86 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

यूपी में भाजपा आगे, सीसामऊ में जीती सपा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए

मतगणना जारी है। यूपी की छह सीटों पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा आगे चल रही है। सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को 8629 वोटों से चुनाव हरा दिया है। फूलपुर सीट पर भी कांटे का मुकाबला देखने को मिल रहा है।

मैनपुरी के करहल में 16वें राउंड की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव 24 हजार 277 वोटों से सपा से पिछड़ गए हैं। सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव को अब तक 59480 वोट मिल चुके हैं। वहीं अनुजेश यादव 35 हजार 203 मत ही प्राप्त कर सके हैं। बसपा प्रत्याशी अवनीश को महज 4094 वोट ही मिले हैं।

मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर 10वें राउंड की मतगणना में कुल 75,439 वोटों की गिनती हो चुकी है। इस राउंड में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने 62,111 वोटों के साथ अपनी बढ़त को और मजबूत किया है। सपा के मोहम्मद रिजवान को 7,029 वोट मिले हैं, और रामवीर सिंह ने रिजवान पर 55,082 वोटों की भारी बढ़त बना ली है। अन्य प्रमुख प्रत्याशी चांद बाबू (आजाद समाज पार्टी) को 2,967, मोहम्मद वारिश (एआईएमआईएम) को 2,042, और रफतुल्ला (बसपा) को 366 वोट मिले हैं। स्वतंत्र प्रत्याशियों में सजैब को 29, मस्रूर को 41, मोहम्मद उबैश को 39, मोहम्मद उवैश को 70, रिजवान अली को 149, रिजवान हुसैन को 310, शौकीन को 99 और नोटा को 187 वोट मिले हैं।

अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर

उपचुनाव के रूझान

गाजियाबाद :	संजीव शर्मा - बीजेपी
करहल :	तेज प्रताप सिंह - सपा
कटेहरी :	शोभावती वर्मा - सपा
खैर (एससी):	सुरेन्द्र दिलेर - बीजेपी
कुंदरकी :	रामवीर सिंह - बीजेपी
महोबा :	मिथलेश पाल - RLD
सीसामऊ :	नसीम सोलंकी- सपा (जीती)
फूलपुर :	दीपक पटेल - बीजेपी

उपचुनाव में 13वें चरण में भाजपा आगे और सपा पीछे चल रही है। भाजपा के सुरेंद्र दिलेर को 43930 मत प्राप्त हुए हैं। सपा की चारु केन को 24288 वोट मिले हैं। बसपा के डॉ. पहल सिंह को 6998 मत प्राप्त हुए हैं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नितिन कुमार चौटेल को 3682 वोट मिले हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर

हेमंत सोरेन का जादू

नई दिल्ली (एजेंसी)। झारखंड के नतीजों की बात करें तो यहां हेमंत सोरेन की वापसी होती दिख रही है। INDIA गठबंधन यहां 51 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रहा है तो वहीं एनडी गठबंधन 28 से ज्यादा सीटों पर आगे है। बिहार, राजस्थान, पंजाब, केरल सहित 16 राज्यों की 48 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे भी आज ही आ रहे हैं।

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर 2 चरणों में वोटिंग हुई। पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर 66.65 प्रतिशत तो दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों पर 68.45 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में NDA (भाजपा-एजेएसयू) और INDIA ब्लॉक (झामुमो-कांग्रेस) के बीच मुकाबला है।

वायनाड में प्रियंका गांधी की आंधी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजों में प्रियंका गांधी की आंधी चली है। अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनावों में रायबरेली सीट से जीत हासिल करने के बाद राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ दी थी। इस वजह से खाली हुई इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। वायनाड सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार हैं, जबकि उनका मुकाबला मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPM) उम्मीदवार सत्यन मोकेरी और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की उम्मीदवार नव्या हरिदास से हुआ है।प्रियंका गांधी यहां दो लाख वोटो से आगे चल रही हैं।

गाजियाबाद में बड़ी जीत की ओर भाजपा

गाजियाबाद (चेतना मंच)। गाजियाबाद सदर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना गोविंदपुरम मंडी में चल रही है। 17 राउंड के रूझान आ चुके हैं। अब तक भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा अकेले दो- तिहाई मत लेकर बड़ी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। एक- तिहाई मतों में चुनाव लड़ रहे बाकी 13 प्रत्याशी हैं। 17वें राउंड में भाजपा के संजीव शर्मा को 64848, सपा प्रत्याशी सिंहराज जाटव को 21283 तथा बसपा प्रत्याशी पीएन गर्ग को 8217 वोट मिले हैं।

भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा सपा प्रत्याशी से 42565 वोटों से आगे चल रहे हैं।

23 नवंबर 1952 को यूपी पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया, यह तिथि ऐतिहासिक महत्व का दिन है। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर आज गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के सेक्टर-108 स्थित कार्यालय में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर पुलिसकर्मियों को संबोधित किया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

माँ ने पांच साल की बच्ची का घोंटा गला

नई दिल्ली (एजेंसी)। अशोक विहार इलाके में एक मां ने शादी में बाधक बनी अपनी पांच साल की बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दी। शुक्रवार को दीप चंद बंधु अस्पताल से 5 साल की बच्ची के मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। उसके गले पर निशान था।

पुलिस ने मां सहित सभी रिश्तेदार को थाने बुलाकर पूछताछ की। जिसमें मां ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि पति के छोड़ने के बाद वह इंस्टाग्राम के जरिए मिले एक युवक राहुल से शादी करना चाहती थी। लेकिन युवक का परिवार बच्ची को अपनाना नहीं चाहता था और शादी से इंकार कर दिया।

जांच में पता चला कि दिल्ली आने से पहले आरोपी मां अपने एक रिश्तेदार के साथ हिमाचल में रहती थी, इस दौरान रिश्तेदार ने बच्ची का यौन शोषण किया, पुलिस ने हत्या और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बच्ची के साथ यौन शोषण करने वाले रिश्तेदार की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

कंपनी के मैनेजर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का लगाया आरोप

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में काम करने वाली महिला से वहां के रिपोर्टिंग मैनेजर ने अश्लील हरकत की तथा कार्य स्थल पर सेक्सुअल हैरेसमेंट किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया थाना सेक्टर- 63 में एक व्यक्ति ने बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी सेक्टर-63 स्थित एक नामी कंपनी में काम करती है। पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी के रिपोर्टिंग मैनेजर दिलीप कुमार अवस्थी ने उसके साथ काफी दिनों तक सेक्सुअल हैरेसमेंट किया। पीड़िता के पति के अनुसार उसकी पत्नी 23, 24 फरवरी वर्ष 2024 को ऑफिशियल ट्रिप पर गुड़गांव गई थी। रिपोर्टिंग मैनेजर दिलीप अवस्थी ने नोएडा से गुरुग्राम जाते समय कार में गंदे गाने बजाए तथा अश्लील वीडियो चलाई। कार में कुछ और लोग भी बैठे थे।

पीड़ित का आरोप है कि 16 अप्रैल 2024 को उसकी पत्नी के बिना सहमति के दिलीप ने उसकी फोटो खींची तथा छोटे कपड़े पहनने के लिए बाध्य किया। उसके बारे में अभद्र टिप्पणी की। पीड़ित के अनुसार एनुअल वर्क अप्रेजल के समय बार-बार आरोपी दिलीप कुमार द्वारा उसकी पत्नी से कहा गया कि वह उसे कंपनी के बाहर या उसके फ्लैट पर आकर मिले। जब उसकी पत्नी ने इससे इंकार किया तो उसने उसके काम को गलत बताया तथा उस पर लगातार मिलने के लिए दबाव बनाता रहा। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने 13 जून को उसकी पत्नी के साथ मीटिंग रूम में तथा लिफ्ट में अश्लील हरकत की। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौकशी में वांछित बदमाश घायल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 पुलिस ने बीती रात एक मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। यह बदमाश गो-वध के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि बीती रात को थाना बीटा-2 पुलिस पी-3 गोल चक्कर के पास चैकिंग कर रही थी, तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया।

शक होने पर पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया। वह रूकने की बजाए वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने मोटरसाइकिल से उतरकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आलम पुत्र हारून निवासी जनपद फरीदाबाद हरियाणा (27 वर्ष) के पैर में लगी है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बदमाश के पास से पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल, देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

मुठभेड़ में बदमाश लंगड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना प्रभारी एक्सप्रेसवे

मय फोर्स छपरोली गोल चक्कर पर चेकिंग कर रहे थे तभी वाजिदपुर पुश्ते की तरफ से आ रही बिना नंबर प्लेट बाइक सवार 2 लोगों को रूकने का इशारा किया गया जो कि पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगे। रेनबो फार्म हाउस से आगे एक्सप्रेसवे पुलिस द्वारा बाइक सवार 2 लोगों को घेरा गया तो बाइक सवार डूब क्षेत्र की तरफ कच्चे रास्ते की तरफ मुड़ गए और फिसल कर बाइक गिर गई एवं दोनों बदमाश नीचे की तरफ भागने लगे व अपने को घिरा देखकर अपने हाथों में लिए तमंचों से जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया।

जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश पैर में (शेष पृष्ठ-3 पर)

भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं में भिड़ंत

प्रयागराज (एजेंसी)। फूलपुर उप चुनाव मतगणना के दौरान मुंडेरा मंडी में भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। स्थिति मारपीट पर उतर गई। सपा कार्यकर्ताओं की भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल से भी नोक झोंक हुई। एक दूसरे पर कुर्सी फेंकी गई। मतगणना स्थल पर जबरदस्त हंगामा के चलते आधे घंटे मत करना रुकी रही। भारी फोर्स तैनात।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning Well Equipped Library GPS Enable Buses

हिन्दुत्व की परीक्षा

महाराष्ट्र में यह संघ-भाजपा के 'हिंदुत्व' की परीक्षा का चुनाव था। आरएसएस के नेतृत्व में 15, 20, 30, 45 लोगों की छोटी-छोटी करीब 60,000 बैठकें आयोजित की गईं। ऐसा चुनाव-प्रचार अप्रतिम कहा जा सकता है। फोकस हिंदुत्व पर ही था, लिहाजा घर-घर से मतदाताओं और समर्थकों को निकाल कर बूथ तक पहुंचाने का काम एक लक्ष्य, एक संकल्प की तरह किया गया। संघ के काडर ने यह काम लोकसभा चुनाव के दौरान नहीं किया था। काडर नाराज था अथवा तटस्थ रहा या अति विश्वास के मानस में था कि प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मतदान हो ही जाएगा, लिहाजा चुनाव-प्रचार बिखरा-बिखरा सा रहा। उसके नतीजे अब दुनिया के सामने हैं। कमोबेश महाराष्ट्र के चुनाव में फोकस 'बटेंगे, तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' पर ही रहा, जो परोक्ष रूप से हिंदुत्व का ही आह्वान किया गया था। संघ ने भी इन नारों को सत्यापित किया। चुनाव-प्रचार के दौरान मकसद और चिंता यह नहीं थी कि कमोबेश भाजपा के कितने विधायक जीत सकते हैं, 100 का आंकड़ा पार होगा या नहीं, अंततः 'महायुति' के पक्ष में बहुमत हासिल होगा अथवा नहीं। बुनियादी चिंता और सरोकार यह था कि चुनाव के दौरान हिंदुत्व कितनी गहराई और व्यापकता में जा सकता है? उससे प्रभावित होकर कितना वोट हिंदुत्व के पक्ष में आ सकता है? महाराष्ट्र में जिस तरह मतदान किया गया और 1995 के बाद पहली बार 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है, उसके मद्देनजर संघ-भाजपा का आकलन है कि चुनाव में हिंदुत्व का प्रयोग सफल रहा है। भाजपा का मानना है कि यदि वह 100 या उससे अधिक सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरती है, तो सरकार 'महायुति' की ही बनेगी। हिंदुत्व का यह प्रयोग छोटे, सीमित स्तर पर झारखंड में भी किया गया। वहां आदिवासी और घुसपैठ के जरिए हिंदुत्व की बात कही गई और प्रचार किया गया कि आबादी के समीकरण नहीं बदलने चाहिए। बहरहाल चुनाव के बाद जो अनुमान सामने आए हैं, उनमें ज्यादातर के आकलन यही हैं कि महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति सरकार बन सकती है। वैसे 'एग्जिट पोल' अपनी साख, सर्वेक्षण क्षमता और विश्वसनीयता खो चुके हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव से लेकर हरियाणा के जनादेश तक उनके आकलन बिल्कुल गलत और विपरीत साबित हुए हैं। फिर भी पेशेवर तौर पर जो अनुमान सार्वजनिक हुए हैं, उन्हें एकदम खारिज नहीं किया जा सकता। कुछ अनुमान ऐसे भी हैं कि महाराष्ट्र में 'महाविकास अघाड़ी' और झारखंड में झामुमो गठबंधन के पक्ष में बढ़त है। हमने कांग्रेस के स्तर पर भी जानकारी जुटाई थी। खुद कांग्रेस का मानना है कि महाराष्ट्र में उसका स्ट्राइक रेट 60 फीसदी के आसपास रह सकता है, जबकि झारखंड में उसने पूरा दायित्व झामुमो को दे रखा था। कांग्रेस लगभग निष्क्रिय थी। अलबत्ता कांग्रेस का मानना है कि संविधान, जातीय जनगणना आदि विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रमुख मुद्दे बने रहे। दरअसल संघ-भाजपा 1990 के 'हिंदुत्व' मुद्दे को नए सिरे से जीवित करना चाहते हैं। हालांकि प्रभु राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन चुका है और शेष निर्माण भी जारी है। अब मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर का विस्तार और ज्ञानवापी मस्जिद से हिंदू मंदिर को कानूनन वापस लेना आदि हिंदुत्व के नए आधार हैं। दिलचस्प यह है कि केंद्र के साथ-साथ अधिकतर राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकारें हैं, लिहाजा वे विकास का दावा भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कई योजनाओं की राष्ट्रव्यापी सार्थकता साबित हुई है। देश का बड़ा भाग आज भी प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी का समर्थन कर रहा है। हालांकि देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानी बेहद संवेदनशील मुद्दे हैं, लेकिन 'वोट जेहाद' का मुद्दा उछाला जाता है, तो हिंदुत्व के पक्ष में भी स्वाभाविक ध्रुवीकरण होता है। बहरहाल यदि हिंदुत्व पर जनादेश अपेक्षानुसार रहता है, तो संघ-भाजपा इसका प्रयोग अन्य राज्यों में भी कर सकते हैं। 2025 में दिल्ली, बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। कमोबेश बिहार बहुत महत्वपूर्ण राज्य है। वहां भाजपा-एनडीए सत्ता में है, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाजवादी, पिछड़ावादी किस्म के नेता हैं। वह हिंदुत्व को कितना स्वीकार कर पाते हैं, यह देखना भी बड़ा राजनीतिक सवाल है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आप माया हैं और शिवजी भगवान हैं। आप दोनों समस्त जगत के माता-पिता हैं। (यह कहकर) मुनि पार्वतीजी के चरणों में सिर नवाकर चल दिए। उनके शरीर बार-बार पुलकित हो रहे थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

जाइ मुनिन्ह हिमवंतु पठाए। करि बिनती गिरजहिं गृह ल्याए॥
बहुरि सप्तरिषि सिव पहिं जाई। कथा उमा कै सकल सुनाई॥
मुनियों ने जाकर हिमवान को पार्वतीजी के पास भेजा और वे विनती करके उनको घर ले आए, फिर सप्तर्षियों ने शिवजी के पास जाकर उनको पार्वतीजी की सारी कथा सुनाई॥

भए मगन सिव सुनत सनेहा। हरषि सप्तरिषि गवने गेहा॥
मनु थिर करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥
पार्वतीजी का प्रेम सुनते ही शिवजी आनन्दमग्न हो गए। सप्तर्षि प्रसन्न होकर अपने घर (ब्रह्मलोक) को चले गए। तब सुजान शिवजी मन को स्थिर करके श्री रघुनाथजी का ध्यान करने लगे॥

तारकु असुर भयउ तेहि काला। भुज प्रताप बल तेज बिसाला॥
तेहिं सब लोक लोकपति जीते। भए देव सुख संपति रीते॥
उसी समय तारक नाम का असुर हुआ, जिसकी भुजाओं का बल, प्रताप और तेज बहुत बड़ा था। उसने सब लोक और लोकपालों को जीत लिया, सब देवता सुख और सम्पत्ति से रहित हो गए॥ (क्रमशः..)

भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है।

भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं -

हिंदू अर्थशास्त्र = व्यक्ति × परमार्थ (एकात्म मानववाद एवं त्याग)

पश्चिमी अर्थशास्त्र = व्यक्ति × स्वार्थ (आत्म केंद्रित एवं लाभ)

एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है।

पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में- सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है। विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, माया, कपट, आलस्य, निंदा, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है, जिसमें रजस एवं तमस गुण मिले होते हैं और इस मॉडल की उपस्थिति द्वापर युग में मानी गई है।

इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा का आदर्श रामराज्य है, इसमें भरत जैसे राजा एवं जनक जैसे राजा तपस्वी के रूप में राज्य करते थे। स्वयं श्रीराम धर्म की मर्यादा को अपने लिए भी लागू करते थे एवं धर्म की मर्यादा का कभी भी उल्लंघन नहीं करते थे। सदैव प्रजा एवं प्रकृति की रक्षा एवं संवर्धन करते रहते हैं। यह एक ऐसा विकास का प्रारूप है जो आज भी आदर्श है। रामराज्य की अवधारणा भी एकात्म मानववाद के आधारों पर खड़ी थी। यह शासन तथा विकास एवं व्यवस्था में सब की भागीदारी तथा सब के लिए व्यवस्था थी, जो प्रकृति आधारित विकास पर बल देती थी।

भारत में सबसे छोटी इकाई व्यक्ति पर बल दिया गया है और उसका संगठन किया गया है। भारत में व्यक्ति के स्वरूप को जिस प्रकार संगठित और एकात्म किया गया वैसा पश्चिम में नहीं हो सका है। पश्चिम में केवल भौतिक प्रगति पर ही बल दिया गया है। पूरे विश्व में आज सर्वाधिक विकसित राष्ट्र अमेरिका को माना जाता है। अमेरिका में नागरिकों की भौतिक प्रगति तो बहुत हो गई है, परंतु अमेरिका के नागरिकों में सुख, संतोष और समाधान का पूर्णतया अभाव है। अमेरिका में व्यक्ति के जीवन में परस्पर विरोध, असमाधान, असंतोष, सर्वाधिक अपराध और आत्महत्याएं बहुत बड़ी मात्रा में व्याप्त हैं। अमेरिकी नागरिकों में तीव्र रक्तचाप, हृदय रोग एवं अपराध की प्रवृत्ति बहुत अधिक मात्रा में पाई जा रही है। पूरे विश्व को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाला अमेरिका अपने नागरिकों के लिए भौतिक समाधान से आगे बढ़कर मानसिक समाधान प्राप्त नहीं कर सका है। इस धरा पर जन्म लेने के बाद प्रत्येक व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य आखिर है क्या? सम्भवतः सुख जो चिरंतन एवं घनीभूत हो। इतनी भौतिक प्रगति करने के बाद भी अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के नागरिकों में समाधान व सुख का अभाव है। ईसा ने कहा था कि 'सम्पूर्ण संसार का साम्राज्य भी प्राप्त कर लिया और यदि आत्मा का सुख खो दिया तो उससे क्या लाभ?'

भारत में छोटी से छोटी इकाई व्यक्ति संगठित और एकात्म है एवं व्यक्ति को खंडो में विभक्त समझने की बुद्धिमता प्रदर्शित नहीं की गई है। परंतु, अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक ने वर्णन किया है कि 'सड़कों पर एक ऐसी बड़ी भीड़ हमेशा लगी रहती है जो आत्मविहीन, मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ, एक दूसरे से अपरिचित और निःसंग स्थिति में है। उनका अपने ही साथ समन्वय नहीं तो दुनिया के साथ क्या होगा? व्यक्ति का समाज के साथ समन्वय नहीं। व्यक्ति भी संगठित और एकात्म इकाई नहीं। केवल भौतिक स्तर पर विचार करने के कारण वहां व्यक्ति को भौतिक एवं आर्थिक प्राणी माना गया है। यदि भौतिक आर्थिक उत्कर्ष मानव को मिले तो उससे सुख की प्राप्ति होगी, यह माना गया। किंतु भौतिक आर्थिक उत्कर्ष की चरम सीमा होने पर भी सुख का अभाव है और इसका कारण यही है कि वहां खंड खंड में विचार करने की प्रणाली है, जिसमें व्यक्ति को केवल भौतिक आर्थिक प्राणी मान लिया गया है और व्यक्ति के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर संगठित एवं एकात्म रूप में विचार नहीं किया गया है।

भारत के प्राचीन ग्रंथों में यह माना गया है कि मनुष्य एक आर्थिक प्राणी भी है एवं 'आहार, निद्रा, भय, मैथुन, आर्थिक आवश्यकताओं, आदि' की तृप्ति की बात भारत में भी कही गई है। इन जरूरतों की पूर्ति होना चाहिए, इस तथ्य को भी स्वीकार किया गया है। किंतु भारत में मनुष्य को आर्थिक प्राणी से कुछ ऊपर भी माना गया है। मनुष्य आर्थिक प्राणी के साथ साथ वह एक शरीरधारी, मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक प्राणी भी है। भारतीय मनुष्य के व्यक्तित्व के अनेकानेक पहलू है। अतः यदि सम्पूर्ण व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का संगठित और एकात्म रूप से विचार नहीं हुआ तो उसको सुख समाधान की अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती। इसलिए भारत में इस दृष्टि से संगठित एवं एकात्म स्वरूप का विचार हुआ है। मनुष्य की आर्थिक एवं भौतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर यह कहा गया है कि इन वासनाओं की तृप्ति होनी चाहिए लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है कि इन आवश्यकताओं पर कुछ वांछनीय मर्यादा होना भी आवश्यक है। गीता के तृतीय अध्याय के 42वें श्लोक में कहा गया है कि इंद्रियां (विषयों से) ऊपर स्थित हैं, इंद्रियों से मन उत्कृष्ट है। बुद्धि मन से भी ऊपर अवस्थित है, जो बुद्धि की अपेक्षा भी उत्कृष्ट है और उससे भी अगम्य है - वही आत्मा है। अतः काम को स्वीकार करने के उपरांत भी उसे अनियंत्रित नहीं रहने दिया गया है। काम की पूर्ति धर्म के विरुद्ध नहीं होनी चाहिए, ऐसा भारतीय शास्त्रों में कहा गया है।

प्राचीन भारत में अर्थ के महत्व को भी स्वीकार किया गया है एवं अर्थशास्त्र की रचना भी हुई है। यह माना जाता रहा है कि राज्य के समस्त नागरिकों की भौतिक आवश्यकताओं की पर्याप्त पूर्ति होनी चाहिए ताकि इसके अभाव में अपना पेट पालने के लिए व्यक्ति को 24 घंटे चिंता करने की आवश्यकता नहीं पड़े। राज्य के नागरिकों को पर्याप्त अवकाश मिल सके, जिससे वह संस्कृति, कला, साहित्य और भगवान आदि के बारे में चिन्तनशील हो सके। इस प्रकार अर्थ और काम को मान्यता देकर साथ ही यह भी कहा गया है कि एक व्यक्ति का अर्थ और काम उसके विनाश का अथवा समाज के विघटन का कारण न बने। इस दृष्टि से भारत के प्राचीन दृष्टाओं ने विशिष्ट दर्शन दिया था। उसमें विश्व की धारणा के लिए शाश्वत नियम और सार्वजनिक नियम देखे थे, उनका दर्शन किया था। व्यक्ति को विनाश से बचाने के लिए, समाज को विघटन से बचाने के लिए एवं व्यक्ति के परम उत्कर्ष को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक एवं सार्वदेशिक नियमों के प्रकाश में जो अवस्था उन्होंने बनायी उसके समुच्चय को धर्म कहा गया। इस धर्म के अंतर्गत अर्थ और काम की पूर्ति का भी विचार हुआ। साथ ही, प्रत्येक व्यक्ति परम सुख यानी मोक्ष प्राप्त कर सके, इसका चिंतन भी हुआ। इस प्रकार धर्म और मोक्ष के मध्य अर्थ और काम को रखते हुए चतुर्विध पुरुषार्थ की कल्पना भारत में ही की गई है। इस समन्वयात्मक, संगठित और एकात्मवादी कल्पना में व्यक्ति का व्यक्तित्व विभक्त नहीं हुआ। यह आत्मविहीन एवं मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ प्राणी न बन सका। इस चतुर्विध पुरुषार्थ ने प्रत्येक व्यक्ति को अपनी शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक बौद्धिक क्षमताओं के अनुसार अपना जीवनादर्शन चुनने का अवसर दे दिया और साथ ही व्यक्तित्व को अखंड बनाए रखा।

यह स्मरण रखना चाहिए कि जहां व्यक्ति के व्यक्तित्व रूपी विभिन्न पहलू संगठित नहीं है या व्यक्ति संगठित नहीं है, वहां समाज संगठित कैसे हो सकता है? इस संगठित आधार पर ही भारत में व्यक्ति से परिवार, समाज, राष्ट्र, मानवता और चराचर सृष्टि का विचार किया गया। एकात्म मानवदर्शन इसी का नाम है और आज भारत में आर्थिक विकास को एकात्म मानववाद के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए ही गति दी जानी चाहिए।

पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है।

- प्रहलाद सबनानी
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,
भारतीय स्टेट बैंक

राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : अष्टमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
अनावश्यक खर्च होंगे, रोग व्याधि, अनाब शनाब खर्चे, चोरी होना या पैसा कहीं खो जाना इत्यादि मतलब लॉस के चांसेस हैं।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
यात्रा में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य आपका मध्यम है।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का संकेत दिख रहा है या असमंजस की स्थिति रहेगी।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी। भाग्य में रोड़े रहेंगे। अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं। स्वास्थ्य खराब स्थिति में दिख रहा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
कन्या राशि की स्थिति 1 तरीके से ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दें।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। राह के रोड़े हटेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। प्रेम, संतान अच्छा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी न लें। भावुक बने रहेंगे।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
घरेलू सुख बाधित। गृह कलह के संकेत। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर नीचे होता रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। गंदी जुबान से बचें। धन हानि के संकेत हैं। प्रेम संतान ठीक है, व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
आपको जल्द शुभ सूचना मिलेगी। आपके घर में पूजा-पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। अपने ईष्टदेव का मनन करें।

किसान सभा की घंगोला गांव में हुई पंचायत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 25 नवंबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर महापंचायत महापड़ाव के लिए ग्राम घंगोला में पंचायत हुई। पंचायत में सैकड़ों प्रभावित किसानों ने हिस्सा लिया। पंचायत की अध्यक्षता शयोराज सिंह भाटी ने की। पंचायत में किसान सभा के नेता नरेंद्र भाटी ने कहा कि हम लोग पूरी ताकत के साथ आंदोलन में हिस्सा लेंगे और तब तक डेरा जमाकर रहेंगे जब तक की समस्या हल नहीं होती है। किसान सभा के नेता रणवीर मास्टर ने कहा कि आंदोलन 25 से लेकर 27 तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होगा उसके बाद यमुना प्राधिकरण पर 28 से 1 दिसंबर तक होगा और 2 दिसंबर को हजारों किसान दिल्ली के लिए संसद सत्र के दौरान कूच करेंगे।

किसान सभा के नेता धुनी राम भाटी ने कहा कि 10 परसेंट का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा है। मुद्दे को हल कराए बिना किसान वापस नहीं आएंगे। 25 तारीख के आंदोलन के सिलसिले में आज ग्राम सुनपुरा, खेडी भनोता खोदना खुर्द में नुक्कड़ सभाएं, पंचायतें की गई। सैकड़ो की संख्या में किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने आने का वादा किया है।

सपाइयों ने मनाई स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं भारत के पूर्व रक्षामंत्री नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया तथा के गरीब, मजदूर और जरूरतमंदों में कम्बल, फल आदि वितरण किये।

इस अवसर पर उनके संघर्षशील जीवन पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि नेता जी ने सदैव गरीब, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक और पिछड़ों के हितों के लिए संघर्ष किया है और उन्हें सम्मान दिलाने का काम किया। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार करने के लिए मुलायम सिंह यादव जी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

डॉ लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर नेता जी ने छात्र जीवन से ही देश में समाजवादी आन्दोलन को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे, लेकिन बिना विचलित हुए उन्होंने गरीब, किसानों के हकों के लिये संघर्ष किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि नेता जी ने सदैव राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को मजबूती प्रदान करने के लिए काम किया। हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना है।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष फकीरचंद नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष इन्दर प्रधान, राहुल अवाना, गजराज नागर, नरेंद्र नागर, प्रताप चौहान, सुनील देवटा, कृशान्त भाटी, सुधीर तोमर, रोहित मत्ते गुर्जर, कृष्णा चौहान, यूनुस प्रधान, कपिल ननका, हैप्पी पंडित, सीपी सोलंकी, अकबर खान, विनोद लोहिया, प्रवीण भाटी, अनिल नागर, कुलदीप भाटी, समय भाटी, सतेन्द्र नागर, अनुज भाटी, सुनीता यादव, डॉक्टर शशि यादव, रामशरण नगर एडवोकेट, राजेश रोही, सुदेश भाटी, अमित रोनी, जुगती सिंह, मेहंदी हसन, अवनीश भाटी, फिरदौस शहनाज, जाने आलम नूरी, नवीन भाटी, लाल सिंह गौतम, मुकेश सिसोदिया, विकास जतन, दीपक नागर, मोहित यादव, विजेंद्र चौहान, पंडित दीनदयाल शर्मा, राकेश गौतम एडवोकेट, सुभाष भाटी, लोकेश भाटी, जय यादव, मनोज शर्मा, शौकत अली चेची, शादाब हुसैन, सलमु खान, शाहरुख मंडपा, अनिल प्रजापति, शाहरुख चौधरी, ब्रह्मपाल भाटी, उपेंद्र यादव, सनी प्रजापति, गोरा जाटव, जावेद अंसारी, महेश जाटव, डॉक्टर जावेद आलम, शाहरुख इदरीश, जाकिर मुनिरी, मुकेशरी, विनय शर्मा, जगदीश सेन, राशिद सिद्दीकी, मेहराजुद्दीन उस्मानी, उपेंद्र यादव, सलीम राव, मीना, परविंद्र पायला, लखन जाटव आदि मौजूद रहे।

नोएडा के पार्क देख भड़के सीईओ

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम शहर को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। हर रोज की तरह शुक्रवार को सीईओ ने शहर का निरीक्षण किया। सीईओ ने लापरवाही मिलने पर ठेकेदारों पर एक्शन लिया। इस दौरान कर्मचारी और अधिकारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। सीईओ के साथ एसीईओ वंदना त्रिपाठी और उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान सेक्टर-30 और 36 के पार्कों में उद्यानिक कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। सीईओ ने पाया कि संविदाकार एनके लैंडस्केपर एंड नर्सरी द्वारा किए जा रहे अनुरक्षण कार्य में कई कमियां हैं। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने संविदाकार पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने का निर्देश दिया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी गई है।

सेक्टर-91 स्थित औषधि पार्क की स्थिति भी चिंताजनक पाई गई। यहां अनुरक्षण कार्य की गुणवत्ता खराब मिली और औषधीय पौधों की संख्या भी बहुत कम पाई गई। इस पर संबंधित संविदाकार को कड़ी फटकार लगाते हुए 5 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि पार्क में फूड-स्टॉल और कैफेटेरिया की सुविधा भी विकसित की जाए। नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि पार्कों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे शहर का पर्यावरण और जीवन स्तर बेहतर हो सके। साथी लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और कर्मचारियों को बक्शा नहीं जाएगा।

तेलंगाना में केंद्रीय योजनाओं और विकासात्मक प्रयासों की समीक्षा

तेलंगाना (एजेंसी)। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती निमूबेन जयंतीभाई बांभनिया ने तेलंगाना के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एफसीआई, सीडब्ल्यूसी, बीआईएस, एनसीसीएफ के प्रतिनिधियों और कोली समाज के सदस्यों ने उनका ससम्मान स्वागत किया।

जयशंकर भूपालपल्ली के सरकारी अतिथि गृह में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, और सरकारी अधिकारियों के साथ आकांक्षी जिलों के सूचकांक की प्रगति और कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। इसके बाद, आईडीओसी में जिला अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। चेलपुर गांव में आयोजित मेडिकल कैंप, पोषण अभियान, महिला उद्यमिता, कृषि उत्पाद और मछली पालन से संबंधित स्टॉल्स का दौरा किया गया। यहां लाभार्थियों से संवाद कर उनकी योजनाओं के प्रति उत्साह और उनके अनुभवों को जाना। इसके बाद, चेलपुर गांव के मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं से उनके कार्य प्रक्रियाओं और अनुभवों पर चर्चा की। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मिलेट्स के महत्व, कृषि सशक्तिकरण और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विचार साझा किए।

प्रेरणा विमर्श-2024 का शुभारंभ

नोएडा (चेतना मंच)। सरस्वती शिशु मंदिर, नोएडा में त्रिदिवसीय प्रेरणा विमर्श 2024 का शुभारंभ 'नारी शक्ति राष्ट्र वंदन यज्ञ' से किया गया। जिसमें 108 यज्ञ बेदियों पर लगभग 1000 बहिनों द्वारा हवन पूजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेशु तथा आभार श्रीमती मोनिका चौहान ने किया। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति दादू ,मधु मेहता,सरिता , रूषा व प्रियंका आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पृष्ठ एक के शेष....

यूपी में भाजपा आगे....

मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर मुस्लिम बहुल गांवों की मतगणना शुरू होते ही सपा समर्थकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। यहां सपा प्रत्याशी ने पहले बार अधिक वोट हासिल करने में कामयाबी हासिल की हैं। हालांकि अभी रालोद की बढ़त बरकरार है। नगला बुजुर्ग और सीकरी में सपा को अधिक मत प्राप्त हुए हैं। आसपा और बसपा की बात करें तो यहां बसपा के मुकाबले आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी जाहिद हुसैन बढ़त बनाए हुए हैं। इसी बीच मतगणना स्थल पर सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना और रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल एक साथ पोज देती नजर आईं।

कानपुर की सीसामऊ विधानसभा की मतगणना के 17 राउंड पूरे हो चुके हैं, जिसमें सपा 14536 वोटों से आगे चल रही है। सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को 64,441 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को 49,905 वोट मिले हैं। बसपा प्रत्याशी बीरेंद्र शुक्ला ने 1142 वोट हासिल किए हैं। अब तक 116198 मतों की गिनती पूरी हो चुकी है।

गौकशी में वांछित....

बीते 12 नवंबर को थाना बीटा-2 क्षेत्र के पी-3 गोल चक्कर के पास एक कंटेनर मिला था। जिसमें 21 गोवंश ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर काफी लोग मौके पर पहुंच गया, तथा पुलिस को सूचना दी। कैंटर चालक कैंटर को मौके पर छोड़कर भाग गया था। कैंटर से 21 गोवंश को निकालकर सेक्टर 146 स्थित एक गौशाला में पहुंचाया गया, जिसमें तेरह गाय मृत पाई गई जबकि आठ गए जिंदा थी। इस मामले में विकास कसाना ने थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी दौरान आज सुबह को एक बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ में बदमाश ....

गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान नितिन पुत्र सुशील नि0 रामनगर कालोनी अटौर थाना नंदग्राम जिला गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष (घायल) के रूप में हुई तथा कांबिंग के दौरान दूसरे बदमाश को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान मोहन उर्फ मोनू पुत्र स्व0 ब्रजपाल नि0 ककड़ीपुर थाना रमाला जिला बागपत (24 वर्ष) के रूप में हुई दोनों के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व एक संदिग्ध मोटर साइकिल व 05 मोबाइल बरामद। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक : 2096/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2024-25 दिनांक : 22.11.24

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) सीमान्तर्गत राज्य वित्त आयोग/ पालिका बोर्ड फंड के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से रेलवे रोड पर बस अड्डा तिराहे से कंचन इलेक्ट्रिक वर्क्स के दाहिने तरफ वैंडिंग जोन पर पाइप लगाकर वैरिकेटिंग लगाने का कार्य की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 23.11.2024 से 03.12.2024 को समय सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)

1	वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	दिनांक 23.11.2024 को प्रातः 10:00 बजे से
2	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 23.11.2024 को प्रातः 10:00 बजे से
3	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 03.12.2024 को सांयः 04:00 बजे से
4	ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय	दिनांक 03.12.2024 को अपराह्नः 12:00 बजे से
5	ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि/समय	दिनांक 03.12.2024 को सांय : 05:00 बजे से

नोटः- ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

उमेश शर्मा	जयपाल सिंह	शालिनी गुप्ता	गीता शर्मा
लिपिक लेखा विभाग	अवर अभियन्ता (सिविल)	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,	नगर पालिका परिषद,	नगर पालिका परिषद,	नगर पालिका परिषद,
दादरी (गौतमबुद्धनगर)	दादरी (गौतमबुद्धनगर	दादरी (गौतमबुद्धनगर)	दादरी (गौतमबुद्धनगर)

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

रुपया तीन पैसे चढ़कर 84.47 डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआत में सपाट स्तर के साथ खुला और अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से तीन पैसे बढ़कर 84.47 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भू-राजनीतिक दबावों और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो निकासी के कारण सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार का समर्थन बेअसर हो गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.48 पर खुला और एक सीमित दायरे में घूमते हुए डॉलर के मुकाबले 84.47 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ 84.50 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.03 पर आ गया।

ज़िंका लॉजिस्टिक्स का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। ट्रक संचालकों के लिए जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने एक उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। जिनके शेयर शुक्रवार को बीएसई पर लॉन्च हुए और लगभग तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। इसके निर्माण में शेयर की शुरूआती कीमत 2.21 प्रतिशत ऊपर बैंड करने के बावजूद, बाद में शेयर में 3.44 प्रतिशत की गिरावट आई। एनएसई पर शेयर 2.89 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए, लेकिन इसके बाद गिरकर 264.65 रुपये पर पहुंच गए। इन संकेतों के बावजूद जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश को सफलतापूर्वक पूरा किया।

सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी

नई दिल्ली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव फिर से चढ़े हैं। एमसीएक्स पर सोने कीमत 77,032 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 89,970 रुपए प्रति किलोग्राम है। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपए बढ़कर 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंची। अखिल भारतीय सराफा संघ ने इस बढ़ोतरी की जानकारी दी। पिछले सत्र में 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग में वृद्धि देखी गई है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने परमाणु जोखिमों की चिंताएं उत्पन्न की हैं, जिससे सोने की कीमतों में उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक ने बताया कि यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ब्रिटेन निर्मित मिसाइलों को तैनात किया है। वहीं एशियाई बाजार में चांदी की कीमत भी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 31.53 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई है।

जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण चरण में जुटाए 35 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाएगा। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है। इस चरण में भारतीय एचएनआई, पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल हैं। इस वित्तपोषण दौर का नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के प्राइवेट वेल्थ डिवीजन द्वारा किया गया। इस वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शामिल हुए। जेप्टो ने कहा कि यह दौर परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए भारतीय निवेशकों की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेप्टो ने कहा कि यह ऐतिहासिक वित्तपोषण ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू स्तर पर संचालित वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रही है। जेप्टो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब हमने यह उद्यम शुरू किया था, तो घरेलू निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता सीमित थी, खासकर 18 साल के युवाओं पर भरोसा करने की।

2025 में शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी होने का अनुमान

भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 फीसदी रहने का अनुमान

- आईटी और फार्मा सेक्टर्स को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है
- एमएससीआई इंडिया का फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात 8 फीसदी गिरकर 22.7 गुना पर आ गया है
- भारत के इक्विटी बाजार धीरे-धीरे ठीक होने के लिए तैयार हैं

एजेंसी

मुंबई। इस समय घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है लेकिन गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना अनुमान जताया है कि 2025 में भारतीय शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही निफ्टी 50 के 27,000 तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि सितंबर 2024 के शिखर से वर्तमान में 9.5 फीसदी की गिरावट से उबरने की संभावना है। उन्होंने आईटी और फार्मा सेक्टर्स को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है। इन सेक्टर्स को क्रमशः ओवरवेट और मार्केट वेट में बढ़ाया गया है। आईटी और फार्मा सेक्टर्स को वैश्विक मांग में सुधार, कमजोर रुपए और उनकी रक्षात्मक विशेषताओं से लाभ हो सकता है। आईटी सेक्टर को ओवरवेट में अपग्रेड किया गया है, खासकर निर्यात पर केंद्रित कंपनियों के कारण, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजस्व में सुधार का लाभ मिल रहा है। फार्मा को मार्केट वेट में बढ़ाया गया है, इसके रक्षात्मक गुण और स्थिर मार्जिन की वजह से। अनुमान के मुताबिक निफ्टी 50 अगले तीन महीनों में केवल 2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,000 तक सीमित रह सकता है। ब्रोकरेज ने कहा कि एमएससीआई इंडिया का फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात 8 फीसदी गिरकर 22.7 गुना पर आ गया है। घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 में 6.7 फीसदी से कम है। गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, स्थिर मांग और परिचालन लचीलेपन के कारण ऑटो, रियल एस्टेट और दूरसंचार पसंदीदा घरेलू गेम बने हुए हैं। हालांकि, अल्पकालिक चुनौतियां बनी हुई हैं। कुल मिलाकर भारत के इक्विटी बाजार धीरे-धीरे ठीक होने के लिए तैयार हैं।

सैमसंग ने की ब्लैक फ्राइडे सेल ऑफर्स की घोषणा

रांची/गुरुग्राम/पटना। इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने नवीनतम गैलेक्सी वियरेबल्स लाइन-अप पर रोमांचक ऑफर की घोषणा की है। आज से गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 12000 रुपये तक की छूट के साथ उपलब्ध होगा। विशेष मूल्य में 12000 रुपये का इंस्टैंट कैशबैक या 10000 रुपये का अपग्रेड बोनस शामिल है। इसी तरह, गैलेक्सी बड्स3 प्रो खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं को इंस्टैंट कैशबैक या 5000 रुपये का अपग्रेड बोनस मिलेगा। इसके अलावा, अधिक किफायती दामों पर उत्पाद खरीदने के इच्छुक उपभोक्ता 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, गैलेक्सी एस और जेड सीरीज के लेटेस्ट स्मार्टफोन खरीदने के इच्छुक ग्राहक सैमसंग के नए वियरेबल्स पर 18000 रुपये तक के मल्टी-बाय ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा – गैलेक्सी वॉच पोर्टफोलियो में सबसे नया और सबसे पावरफुल संकलन है जिसे बेहतरीन प्रदर्शन की चाहत रखने वाले खेल और फिटनेस के शौकीनों के लिए डिजाइन किया गया है। टाइटेनियम ग्रेड 4 फ्रेम और सफायर ग्लास डिस्प्ले और शानदार ड्यूरैबिलिटी के साथ, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 10एटीम वाटर रेजिस्टेंस, पानी और धूल रेजिस्टेंस के लिए आईपी रेटिंग, साथ ही एमआईएल एसटीडी-810एच मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन से लैस है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा पावर सेविंग मोड में 100 घंटे तक का रनटाइम प्रदान करती है। गैलेक्सी एआई द्वारा पावर्ड गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 12000 रुपये की भारी छूट के साथ उपलब्ध होगी।

ओला इलेक्ट्रिक 500 से अधिक कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी

ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर

एजेंसी

नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि कंपनी की 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की संभावना है। इसका मुख्य कारण मार्जिन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दायर किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि कंपनी मार्च 2024 तक 4,011 कर्मचारियों के साथ काम कर रही है। इसके बावजूद ओला इलेक्ट्रिक अभी तक कोई लाभ नहीं कमा पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च लागत और ईवी सब्सिडी में कटौती के कारण कंपनी लाभ नहीं कमा पा रही है। हालांकि, ओला ने भविष्य की योजनाओं को लेकर विश्वास जताया है कि वह इन-हाउस बैटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके लागत कम करेगी और मुनाफा बढ़ाएगी। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में मजबूत शुरूआत के बाद ओला इलेक्ट्रिक में कुछ सुधार नहीं हो रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी की धाक कम हो रही है। राज्यों ओला इलेक्ट्रिक की सर्विसेज और प्रोडक्ट क्वालिटी की जांच भी की गई है। कंपनी के प्रतिद्वंदी भी इसके चारों ओर घूमकर कंपनियों से किनारा कर रहे हैं। गुरुवार को ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह कंपनी के सबसे कम बंद भाव को दशार्ता है, जिसके कारण वित्तीय विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि और जोरदार गिरावट हो सकती है। ओला इलेक्ट्रिक की आने वाली कार्रवाई और मुद्रा बाजार में उसका प्रभाव देखने योग्य होगा। वहीं, कंपनी ने अपने आगामी योजनाओं के संदर्भ में अनुमान लगाने के लिए स्थिर धारणा दिखाई है कि वह अपनी स्थिति सुधारने की कड़ी चाह में है।

मानुषी छिल्लर अपने पहले लाइव प्रदर्शन से आईएफएफआई के मंच पर लगाएंगी आग

एजेंसी

मुंबई। मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के 55वें संस्करण में अपना पहला लाइव प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो गोवा में 20 से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है। मनुषी ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी रिहर्सल की कुछ बैकस्टेज तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी पहली बार लाइव परफॉर्मेंस की तैयारी कर रही हैं। यह उनके लिए पहली बार है जब वह किसी स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। जैसे ही वह IFFI में

परफॉर्म करने की तैयारी कर रही हैं, उनके फैंस को मनुषी से शानदार परफॉर्मेंस की उम्मीद है। वह कुछ हिट ट्रैकों पर परफॉर्म करने वाली हैं और अपनी विशिष्ट डांस मूव्स और आकर्षक उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद, उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं और जानने के लिए बेकरार हैं कि वह कौन से गाने पर परफॉर्म करने वाली हैं। हाल ही में, मनुषी ने अपनी मिस वर्ल्ड क्राउनिंग के 7वें वर्षगांठ मनाया और अपनी सोशल मीडिया पर कुछ दिल छूने वाले वीडियो क्लिप्स शेयर किए। मिस वर्ल्ड का ताज जीतने के बाद से मनुषी ने सिर्फ एक ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक अभिनेत्री के रूप में भी भारत को गर्व महसूस कराया है। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तेहरान' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी।

बादल पे पांव है में बानी ने रजत को तलाक के कागजात सौंपे

एजेंसी

मुंबई। सोनी सब के 'बादल पे पांव है' के आगामी एपिसोड में बानी अपने वकील माहिर की मदद से अपने तलाक के नोटिस को अंतिम रूप देती है और कागजात रजत को सौंप देती है। जहाँ लावण्या हैरान है, वहीं मन ही मन खुश भी है, रजत हैरान और दुखी है। इस अप्रत्याशित मोड़ ने लावण्या और रजत को चौंका दिया, जबकि परिवार को समाधान की उम्मीद है। क्या यह आखिरी मौका बानी और रजत को करीब लाएगा, या लावण्या की साजिशें उन्हें हमेशा के लिए अलग कर देंगी? अदालत ने उन्हें साथ रहने का आदेश दिया है, उम्मीद है कि यह मजबूरी की निकटता उन्हें आखिरकार बात करने और गलतफहमियों को दूर करने का मौका दे सकती है।

शैल ओसवाल और उर्वशी रौतेला का प्रेम गीत रब्बा करे रिलीज

एजेंसी

मुंबई। दुबई की धूप में रेगिस्तान के गुलाब की तरह खिलने वाला एक प्रेम गीत, रब्बा करे आखिरकार आ गया है। अविस्मरणीय हिट सोनिये हीरिये के पीछे की आवाज, शैल ओसवाल की मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज से, यह बिल्कुल नया ट्रैक आपको अपने पैरों से हिला देगा। अपनी भव्यता और आकर्षण की झलकियों से प्रशंसकों को लुभाने वाला, रब्बा करे का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है - और अब यह जादू सभी के लिए अनुभव करने के लिए लाइव है। रब्बा करे प्यार में गहराई से, अप्रतिरोध्य रूप से गिरने की मोहक भावना के लिए एक नाजुक स्तुति है। शैल के भावपूर्ण स्वरों के माध्यम से, श्रोताओं को रोमांस की गर्मी में डूबने और प्यार से आने वाली भावनाओं की भीड़ का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उर्वशी रौतेला की मोहक स्क्रीन उपस्थिति के साथ, यह गीत प्रेम के

सार को उसके शुद्धतम रूप में दशार्ता है - एक ऐसा प्रेम जो रोमांचकारी और शांत दोनों लगता है। दुबई के जगमगाते इलाकों में फिल्माए गए इस गीत का हर फ्रेम एक शानदार दृश्य प्रस्तुत करता है, जो एक शानदार परीकथा को दशार्ता है, जहाँ प्रेम सर्वोच्च है। भव्य पृष्ठभूमि के सामने शैल और उर्वशी की केमिस्ट्री चमकती है, जो एक ऐसा अनुभव प्रदान करती है जो आपके दिल में बस जाएगा। गीत के बारे में बताते हुए, शैल ओसवाल कहते हैं ररब्बा करे के साथ, मैं प्यार में पड़ने के जादू को कैद करना चाहता था - उत्साह, आश्चर्य और यह एहसास कि आपके आस-पास की हर चीज अचानक और भी खूबसूरत हो जाती है। यह गीत उस मनमोहक माहौल का जश्न मनाता है, और दुबई की शानदार पृष्ठभूमि में उर्वशी के साथ काम करने से यह सब जीवंत हो गया। मुझे उम्मीद है कि श्रोता हर नोट में प्यार, जुनून और खुशी महसूस करेंगे और यह उन पलों के लिए साउंडट्रैक बन जाएगा जब प्यार असीम लगता है। यह गाना शुद्ध जादू है - प्यार और गर्मजोशी से भरा हुआ है - और दुबई के खूबसूरत परिदृश्यों में शूटिंग करना एक सच्ची परीकथा जैसा लगता है। शैल के साथ काम करना अद्भुत था।

वित्त आयोग ने कर्नाटक ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 448.29 करोड़ का अनुदान जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त के रूप में 448.29 करोड़ रुपये जारी किए हैं। ये धनराशि राज्य की सभी 5,949 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए है। पंचायती राज मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केंद्र सरकार, पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है।

नेफ्रोप्लस ने रांची के मां राम प्यारी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक डायलिसिस क्लिनिक खोला

एजेंसी

रांची। भारत के सबसे बड़े डायलिसिस केयर नेटवर्क, नेफ्रोप्लस, ने रांची के हरिहर सिंह रोड, बरियातू, में स्थित मां राम प्यारी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में नया डायलिसिस क्लिनिक खोला है। यह सुविधा बढ़िया क्वालिटी वाली डायलिसिस सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए बनाई गयी है ताकि पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ देखभाल देने के लिए NephroPlus की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जाए। इस नए क्लिनिक में 8 डायलिसिस मशीनें हैं और वर्तमान में ये मशीनें 300 से अधिक डायलिसिस सेशन कर रहीं हैं। इस सेटअप से रांची में भरोसेमंद और प्रभावशाली डायलिसिस सेवाओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक मरीजों को सेवा देने की उम्मीद है। इस लांच पर बात करते हुए, NephroPlus के सह-संस्थापक, कमल डी शाह ने कहा, हम मां राम प्यारी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में अपनी डायलिसिस सेवाएं शुरू करके प्रसन्न हैं। हमारा उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि रांची और उसके आसपास के क्षेत्रों में सभी मरीजों के लिए अच्छी और किफायती डायलिसिस सेवा उपलब्ध हो।

ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं: आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इसके रेपो दरों में कटौती करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी कोई संभावना अभी तक दिख रही है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दोहराया है कि मुद्रास्फीति के खिलाफ केंद्रीय बैंक की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। दास ने ग्लोबल साउथ के केंद्रीय बैंकों के सम्मेलन में अपने भाषण में कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही हमें सहनशीलता सीमा के भीतर रहना पर्याप्त नहीं है। गवर्नर ने कहा कि मजबूत विकास ने हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने की जगह दी है ताकि इसे 4 फीसदी के लक्ष्य तक स्थायी रूप से लाया जा सके। स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है और विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री दोनों ने हाल ही में कम मुद्रास्फीति के लिए जोर दिया है।

हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1961 अंक उछला

निवेशकों की संपत्ति 7.25 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। अडाणी समूह विवाद के बावजूद हफ्ते का अंतिम कारोबारी सत्र शेयर बाजार को रास आया। शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,961.32 अंक यानी 2.54 फीसदी उछलकर 79,117.11 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 557.35 अंक यानी 2.39 फीसदी की तेजी के साथ 23,907.25 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई तेजी के कारण निवेशकों की संपत्ति 7.25 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 शेयरों में तेजी रही जबकि एक शेयर में गिरावट दर्ज हुई है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 शेयर में तेजी रही जबकि एक शेयर में गिरावट रही। इसके अलावा निफ्टी मीडिया को छोड़कर एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए हैं। आज कारोबार के दौरान आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा। कारोबारियों के अनुसार घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुख से भी दोनों प्रमुख सूचकांक को मदद मिली है। निवेशकों की संपत्ति 7.25 लाख करोड़ रुपये बढ़ी कारोबार के दौरान शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की संपत्ति आज 7.25 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बाजार में आई तेजी से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7.2 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 432.57 लाख करोड़ रुपये हो गया।

एनैक्स डेवलपमेंट्स ने दूसरे प्रोजेक्ट एवोरा रेजिडेंसेज को किया लांच

एजेंसी

दुबई, संयुक्त अरब अमीरात/मुंबई। एनैक्स होल्डिंग की सहायक कंपनी एनैक्स डेवलपमेंट्स ने जुमेइराह बीच होटल में एक भव्य अनावरण समारोह में अपने दूसरे प्रोजेक्ट, एवोरा रेजिडेंसेज को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, हितधारक और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह ऐतिहासिक प्रॉपर्टी लॉन्च, रियल एस्टेट समुदाय को चकित कर देने वाला था, जिसमें प्रतिष्ठित बुर्ज अल अरब की पृष्ठभूमि में, आयोजन स्थल पर एक वास्तविक आकार का देखने के लिए तैयार पूर्ण सज्जित अपार्टमेंट दर्शकों के अवलोकन के लिए तैयार किया गया था। दुबई के 'वाह' फैक्टर और अनेक प्रथम उपलब्धियों से प्रेरित, यह लॉन्च रियल एस्टेट समुदाय के प्रति एनैक्स डेवलपमेंट्स की प्रतिबद्धता का भव्य प्रदर्शन था। एस्पिन कमर्शियल टॉवर में स्थित एवोरा रेजिडेंसेज सेल्स गैलरी की एक सटीक प्रतिकृति मात्र 24 घंटों में आयोजन स्थल पर बनाई गई, जिससे दर्शकों, निवेशकों और ब्रोकर्स को विशाल दर्शक वर्ग के सामने प्रोजेक्ट की वास्तविक गुणवत्ता का अनुभव करवाया गया। एवोरा रेजिडेंसेज, जो शांत शहरी आवास के रूप में डिजाइन किया गया है और शहर से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करता है, यह 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा होने वाला है। अल फुरजान के हरे-भरे विस्तृत क्षेत्र में स्थित, यह लेगोलैंड, आईएमजी वल्ड्र्स ऑफ एडवेंचर और इब्न बतूता मॉल जैसे दुबई के प्रसिद्ध मनोरंजन स्थलों से कुछ ही मिनट की दूरी पर है। इस टावर में 10 आवासीय मंजिलें हैं

और एक, दो, और तीन बेडरूम वाले अपार्टमेंट्स हैं। प्रत्येक अपार्टमेंट में विशाल बालकनी है जिसमें आधुनिक शैली और नए डिजाइनों का मेल किया गया है। एवोरा रेजिडेंसेज में एक बेडरूम वाले अपार्टमेंट की कीमत 1,068,777 दिरहम से शुरू होती है, जिसके लिए अंतिम उपयोगकर्ता केंद्रित 30/70 पेमेंट प्लान उपलब्ध है। अच्छी तरह सोच-समझकर डिजाइन किया गया यह अपार्टमेंट टावर, भव्यता पूर्ण जीवन जीने (लिव लार्ज) की प्रभावशाली और समृद्ध जीवनशैली को समाहित करने वाली एनैक्स डेवलपमेंट्स की फिलॉसफी को प्रतिबिंबित करता है। यह फिलॉसफी गृहो में ऐसे उद्देश्यपूर्ण स्थानों के निर्माण के बारे में विचार करती है - जहां रहने वाले लोग अच्छा जीवन जी सकें, अच्छे निवास स्थान के लिए किए गए अपने प्रचुर निवेश का आनंद ले सकें, और कई तरह की सुविधाएं पा सकें। एवोरा रेजिडेंस आधुनिक सुविधाओं और शांत जीवन के साथ ही पर्यावरण के प्रति अनुकूलता को यहां की प्रमुख विशेषता बनाए रखना सुनिश्चित करता है, अपनी इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के प्रयास में यहां उपभोग की जाने वाली ऊर्जा की आपूर्ति में सहायता करने के लिए के सोलर पैनलों का उपयोग और स्मार्ट होम ऑटोमेशन के उच्चतम मानकों का लागू करना सुनिश्चित किया गया है। यहां निवासियों को ऐसी सुविधाएं मिलेंगी जो उनके जीवन का अनुभव बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई होंगी। प्रत्येक अपार्टमेंट, बॉश किचन उपकरणों और टेका के सैनिटरी वेयर जैसे उच्च श्रेणी के फिटिंग्स से सुसज्जित है। यह निर्माण हलचल भरे अल फुरजान समुदाय में शहरी परिदृश्यों के साथ हरियाली को सुंदर तरीके से एकीकृत करता है। निवासियों को रिटेल हब, एडवेंचर पार्क, फिटनेस क्लब, आवासों के चारों ओर एक अच्छी तरह से निर्मित जॉगिंग ट्रैक और अन्य मनोरंजक क्षेत्र जैसी आधुनिक सुविधाओं के विस्तृत नेटवर्क का लाभ मिलेगा, जिससे निवासियों को सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली अपनाना आसान होगा। एनैक्स होल्डिंग के चेयरमैन सतीश सनपाल ने कहा कि अपनी फिलॉसफी के अनुरूप हमारा दृष्टिकोण ऐसे स्थान बनाने का है जिसके निवासी 'भव्यतापूर्ण जीवन जी सकें', बेहतर समाज का निर्माण कर सकें और खुद को अपने सपनों के घर में सचमुच में रहता अनुभव कर सकें।

खास खबर

सिंधु चायना ओपन से हुई बाहर

शेन्जेन। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु चाइना मास्टर्स से बाहर हो गयीं है। सिंधु को दूसरे दौर के मैच में सिंगापुर की यो जिया मिन ने 16-21, 21-17, 21-23 से हराया। सिंधु का मुकाबला लंबे समय तक चला। सिंधु का लगातार सातवां टूनार्मेंट था, जिसमें वह इस साल क्वार्टर फाइनल से ऊपर नहीं बढ़ पायीं। सिंधु एक बार स्कोर 14-14 से बराबर करने के बावजूद पहला गेम हार गयीं, वह लय बरकरार नहीं रख पाईं। सिंधु ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए 11-8 से पिछड़ने के बाद 21-17 से गेम जीतकर मैच को तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। 29 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अंतिम गेम की शुरूआत 6-3 की बढ़त के साथ की और फिर इसे 13-9 तक मजबूत किया। यो जिन ने इसके बाद स्कोर 15-15 कर दिया। वह लगातार तीन अंक हासिल करते हुए भारतीय खिलाड़ी से आगे निकल गयीं। सिंधु ने इसके बाद वापसी के प्रयास किये पर वह सफल नहीं हुईं और अंत में 21-23 से हार गईं।

दुबई की सैर कर रहे क्रिकेटर हसन अली

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हसन अली आजकल पत्नी के साथ दुबई की सैर कर रहे हैं। हसन ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं, इसमें वह पत्नी सामिया आरजू के साथ घूम रहे हैं। सामिया भारतीय मूल की हैं और हरियाणा के पलवल जिले की रहने वाली हैं। सामिया पेशे से फ्लाइट इंजीनियर हैं। हसन और सामिया की पहली मुलाकात भी दुबई में ही हुई थी। तब हसन क्रिकेट सीरीज खेलने के लिए वहां गए हुए थे। धीरे धीरे दोनों की दोस्ती हुई और फिर बात शादी तक जा पहुंची। हसन अपनी तसवीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते रहते हैं। इन दोनो की दो बेटियां है। हसन ने पाक की ओर से 24 टेस्ट, 66 एकदिवसीय और 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 80 जबकि एकदिवसीय में 100 विकेट लिए हैं जबकि टी20 में उनके नाम 60 विकेट दर्ज हैं। हसन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच इस साल जनवरी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी करने में विफल रहे हैं।

डब्ल्यूएसकेएल 2025 के लिए मिली मंजूरी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने आधिकारिक तौर पर विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन की अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी एसोसिएशन मिलकर करने जा रहा है। आईकेएफ ने डब्ल्यूएसकेएल की आयोजक संस्था एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को एक बधाई देते हुए एक नोट जारी किया, जिसमें कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दृष्टिकोण की सराहना की गई है। उन्होंने कहा, ₹कबड्डी लीग शुरू करना छोटी बात नहीं है, इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता है, बल्कि इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने के लिए असाधारण कौशल और प्रतिबद्धता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, ₹आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कबड्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

पाक के पूर्व अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन हो गया है। नजीर जूनियर के नाम से मशहूर नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार वनडे मैच खेले। उन्हें सबसे ज्यादा याद अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में की गई शानदार पारी के लिए किया जाता है। कराची में एक ऐसी पिच पर खेलते हुए जो शुरू से ही स्पिन लेती थी, नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर 7 विकेट चटकाए।

पर्थ टेस्ट पहला दिन : भारतीय तेज गेंदबाजों ने दिलाई भारत को बेहतरीन वापसी

ऑस्ट्रेलिया ने 67 रन पर खोए 7 विकेट

एजेंसी

पर्थ। तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में शानदार वापसी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने पर केवल 67 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिये। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टॉर्क 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 83 रन आगे है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। 150 रनों पर ऑल आउट होने के बाद लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में पिछड़ जाएगी, लेकिन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों ने

भारतीय टीम को बेहतरीन वापसी दिलाई। जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने केवल 19 रनों के कुल स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (10), उस्मान ख्वाजा (08) और स्टीवन स्मिथ (00) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हर्षित राणा ने 31 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड (11) को बोल्ड कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। सिराज ने 38 के कुल स्कोर पर मिचेल मॉर्श को स्लीप में केएल राहुल के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। 47 के कुल स्कोर पर सिराज ने मार्नस लाबुशेन (02) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपना दूसरा विकेट लिया और भारत को छठी सफलता दिलाई। 59 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने पैट कमिंस को (03) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। मैच में बुमराह का यह चौथा विकेट था। इसके बाद कैरी (नाबाद 19) स्टॉर्क (नाबाद 06) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 67 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, मोहम्मद सिराज ने 2 और हर्षित राणा ने 1 विकेट लिया।इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

अब बीबीएल में सिडनी थंडर की कप्तानी करते दिखेंगे वॉर्नर

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। वॉर्नर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उस समय वह टीम के उपकप्तान थे। इसके बाद वार्नर टीम में वापसी करने में सफल हुए पर उनका करियार अधिक नहीं चल पाया। वॉर्नर ने कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इस क्रिकेटर ने कप्तानी पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, ह्यवार्नर

जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है। इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। वहीं सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर उत्साहित वॉर्नर ने कहा, ह्यएक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरूआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे ह्यसी के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है। वार्नर ने इससे पहले 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था।

आईपीएल 2025 की शुरूआत 14 मार्च से

▶ 25 मई को खेला जाएगा फाइनल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अगले तीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन की तारीखों की घोषणा कर दी है। सबसे ज्यादा दिलचस्पी 2025 सीजन पर है, जो 14 मार्च (शुक्रवार) से 25 मई (रविवार) तक चलेगा। इसके अलावा 2026 सीजन 15 मार्च (रविवार) से 31 मई (रविवार) तक और 2027 का सीजन 14 मार्च (रविवार) से 30 मई

(रविवार) तक आयोजित किया जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, गुरुवार को फ्रैंचाइजी को भेजे गए ईमेल में, आईपीएल ने टूनार्मेंट की तारीखों को विंडो बताया, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तिथियां हो सकती हैं। 2025 के सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से दस कम है, जब 2023-27 चक्र के लिए मीडिया अधिकार बेचे गए थे। नए अधिकार चक्र के लिए निविदा दस्तावेज में, आईपीएल ने प्रति सत्र अलग-अलग मैचों की संख्या सूचीबद्ध की थीः 2023 और 2024 में 74-74 मैच, 2025 और 2026 में 84-84 मैच और 2027 में सौदे के अंतिम वर्ष के लिए अधिकतम 94 मैच। फ्रैंचाइजी को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, अधिकांश पूर्ण सदस्य देशों के विदेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में अगले तीन वर्षों तक खेलने के लिए अपने-अपने बोर्ड से मंजूरी मिल गई है।

आईपीएल नीलामी से पोंटिंग और लैंगर की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी

पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए रखे कार्यक्रम के कारण उन्हें और जस्टिन लैंगर को परेशानी होगी। पोंटिंग लौर लैंगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए कमेंट्री टीम में शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि नीलामी का कार्यक्रम 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में रखा गया है। इस कारण उन्हें पहले टेस्ट मैच को बीच में ही छोड़कर जाना होगा। पोंटिंग और लैंगर आईपीएल फ्रेंचाइजी से कोच के तौर पर जुड़े हैं। जेद्दा में होने वाली नीलामी में पोंटिंग बतौर पंजाब किंग्स कोच, लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच

के रूप में मौजूद रहेंगे। पोंटिंग और लैंगर पर्थ टेस्ट के पहले दिन ही कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे, इसके बाद इन्हें जाना होगा। पोंटिंग ने कहा कि, ये मेरे और लैंगर के लिए कठिन स्थिति है। हम पिछले कुछ महीनों से सोच रहे थे कि शायद टेस्ट मैच और नीलामी में अंतर होगा। इससे दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर से दबाव हट जाएगा पर ऐसा नहीं हुआ। वहीं अब आईपीएल की ओर से कहा गया कि तरीखें तय हैं और उनमें बदलाव नहीं होगा।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत सकती है ऑस्ट्रेलिया : पुजारा

एजेंसी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चैतेश्वर पुजारा का मानना है कि इस बार बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा भारी है। पुजारा ने कहा कि भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज हारने के कारण दबावा रहेगा जबकि दूसरी और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान पर जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बढ़े हुए रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम संतुलन को देखते हुए घरेलू हालात में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम के पास सीरीज जीतने का

अवसर है पर मेरा मानना है कि घेरलू टीम होने के कारण ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की बड़ी दावेदार रहेगी। ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में शॉर्ट-पिच गेंदों से निपटने के बारे में पुजारा ने कहा कि बल्लेबाजों को उन गेंदों की पहचान करनी होगी जिन्हें उन्हें छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर आपको अपनी ताकत को समझना होगा।

शमी ने मांजरेकर को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली । अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की उस बयान के लिए कड़ी आलोचना की है। जिसमें मांजरेकर ने कहा है कि फिटनेस सही नहीं होने के कारण आईपीएल 2025 के लिए शमी पर टीमें अधिक रकम लगाने का जोखिम नहीं उठाएंगी। शमी ने कहा कि मांजरेकर कमेंटटर का काम कर रहे हैं पर उन्हें इस प्रकार की आधारहीन बातें नहीं करनी चाहिये। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को इस बार मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रूपए है।

यूएसपीएल 3 में जलवा बिखेरंगे सौरभ नेत्रवलकर

एजेंसी

फ्लोरिडा। यूएसए के क्रिकेटर उन्मुक्त चंद और सौरभ नेत्रवलकर, वेस्टइंडीज के ड्वेन स्मिथ और रहकीम कॉर्नवाल शुक्रवार से फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में शुरू हो रहे यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 में शामिल होने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में से हैं। यूएसपीएल का तीसरा सीजन भी इन खिलाड़ियों की तरह बड़ा और बेहतर होने वाला है। इसमें भाग लेने वाली कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मावेरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स, न्यूयॉर्क काउबॉय जैसी सभी 6 फ्रेंचाइजी ट्रॉफी के लिए मैदान पर खूब पसीना बहा रही हैं। शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) से

शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ का पहला मुकाबला कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच खेला जाएगा, जबकि इसी दिन के दूसरे मैच में मैरीलैंड मावेरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स की भिड़ंत देखने को मिलेगी। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर ड्वेन स्मिथ मैरीलैंड मेवरिक्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि हार्ड-हिटिंग ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवाल अटलांटा ब्लैककैप्स के कप्तान हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के दौरान अपनी छाप छोड़ने वाले सौरभ नेत्रवलकर न्यू जर्सी टाइटन्स के लिए खेलेंगे, जबकि पूर्व भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स टीम का हिस्सा होंगे। सीजन 3 की पूर्व संध्या पर यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा कि, ₹यूएसपीएल सीजन 3 क्रिकेट का उत्सव है, जो वैश्विक प्रतिभाओं और स्थानीय सितारों को अमेरिका में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ लाता है। हम इस सीजन को खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उद्घाटन मैच से पहले अपनी भावनाएं जताते हुए वेस्टइंडीज के बेहतरीन ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवाल ने कहा, ₹अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है और हमें टूनार्मेंट का बेसब्री से इंतजार है। पिछले सीजन में हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और मुझे लगता है कि निश्चित तौर पर इस बार ट्रॉफी हमारी ही होगी।

आउट होने से निराश नजर आये राहुल

एजेंसी

पर्थ । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज केएल राहुल यहां पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान विवादित तरीके से आउट दिये जाने से निराश हैं। राहुल 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क की गेंद को रक्षात्मक खेलना चाहते थे पर रिव्यू के बाद उन्हें आउट करार दिया गया। राहुल को मैदानी अंपायर ने नॉट आउट दिया था पर ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें तीसरे अंपायर ने गलती से उन्हें आउट दे दिया। अंपायर के इस फैसले पर सभी ने सवाल उठाये थे। रिव्यू में तीसरे अंपायर रिचर्ड

इलिंगवर्थ ने अल्ट्रा-एज पर एक स्पाइक देखकर माना कि राहुल के बल्ले का किनारा गेंद से लगा था। हालांकि, यह भी दिखा कि बल्ला पैड से टकरा सकता था। इलिंगवर्थ ने फ्रंट-ऑन एंगल मांगा, लेकिन उन्हें यह नहीं दिया गया। मजबूरी में उन्हें पीछे से मिले अधूरे एंगल के आधार पर फैसला देना पड़ा। इसमें स्क्रीन पर आउट दिये जाने पर राहुल निराश हो गये औरड्रेसिंग रूम की ओर जाते हुए उन्होंने अपना सिर हिला दिया। उन्होंने पहली पारी में 74 गेंदों पर 26 रन बनाए थे। इस फैसले पर कमेंटेटर भी चकित रह गए। वहीं इसको देखकर भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने पर कहा, मुझे नहीं लगा कि तीसरे अंपायर के पास मैदानी अंपायर का फैसला पलटने के लिए पर्याप्त सबूत थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज केरी ओह्लकीफ भी इससे सहमति हैं। उन्होंने कहा, राहुल बदकिस्मत रहे। शायद बल्ला पैड से टकराया होगा। वहीं हॉट स्पॉट तकनीक होती, तो यह साफ हो जाता। राहुल का अंदाज बता रहा था कि वह बेहद निराश थे।

ईडन गार्डन्स में झूलन के नाम पर बनेगा स्टैंड

एजेंसी

कोलकाता । बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने कहा है कि अब ईडन गार्डन्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनेगा। कैब के अनुसार ये स्टैंड ह्यबी ब्लॉक में बनाया जाएगा। इससे पहले झूलन के सम्मान में ह्यबी ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया था जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी20 मैच के दौरान इस

स्टैंड का अनावरण होगा। इस महिला क्रिकेटर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। अभी ईडन गार्डन्स में अभी पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और दिवंगत पंकज रॉय के अलावा पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष दिवंगत जगमोहन डालमिया और विश्वनाथ दत्त के नाम पर स्टैंड हैं जिसमें अब झूलन का नाम भी जुड़ जाएगा। गोस्वामी ने अपने करियर के दौरान 12 टेस्ट मैचों में 44 विकेट लिए जबकि 204 एकदिवसीय मैच में उनके नाम 255 विकेट लिए और 68 टी20 मैच में 56 विकेट हैं।

नसरीन शेख खो-खो विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की नसरीन शेख, 13-19 जनवरी को भारत में होने वाले खो-खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि कप्तान और चौथी एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता बनने का उनका सफर आसान नहीं था। नसरीन की खो-खो यात्रा तीसरी कक्षा में शुरू हुई, क्योंकि उनकी बड़ी बहन भी खो-खो खिलाड़ी थीं, लेकिन उन्हें अपने सपने को पूरा करने के लिए अपने परिवार से समर्थन नहीं मिला। इसलिए, अपनी बहन से प्रेरणा और समर्थन पाकर, नसरीन ने अपनी बहन के सपने को पूरा करने के लिए सफर शुरू किया। नसरीन ने विज्ञप्ति में कहा, ₹मेरी बड़ी बहन को खो-खो खेलने का मौका नहीं मिल पाया। वह परिवार

में सबसे बड़ी थी और उस समय हमारी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि हम उसे किसी भी खेल में शामिल कर सकें। मैं उस समय बहुत छोटी थी और उसे नेशनल्स में खेलने की अनुमति नहीं थी। इसलिए उसने मुझे भारत के लिए खेलने और स्वर्ण पदक जीतने के अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उसने मेरी अच्छी तरह से देखभाल की और क्योंकि उसे मौका नहीं मिला, उसने अपना पूरा ध्यान मुझ पर केंद्रित किया और पहली बार मुझे लगा कि मुझे खो-खो खेलना चाहिए, वह मेरी बड़ी बहन को देखने के बाद था। सड़क किनारे बाजार में बर्तन बेचने वाले अपने पिता के साथ एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली नसरीन ने कभी भी मुश्किलों का सामना नहीं किया। खेल में उनके योगदान के कारण उन्हें पिछले साल अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अब उनका लक्ष्य आगामी खो-खो विश्व कप में अपना जलवा बिखेरकर अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना है और उन्होंने बताया कि कैसे यह टूनार्मेंट खो-खो खिलाड़ियों को लोगों की पहचान और प्यार दिलाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, जब मैंने तीसरी कक्षा में खेलना शुरू किया, तो मैंने भी खो-खो विश्व कप में खेलने का सपना देखा था, जिससे खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता मिल सके। अब, हमें आखिरकार इस आगामी खो-खो विश्व कप से पहचान मिलने जा रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

जापान में चीन की वांग मेनयू महिलाओं के टेबल टेनिस मुकाबले के एकल दौर में जीत के बाद उत्साहित होती हुई।

कार को डंपर ने मारी टक्कर, कार सवार सभी 5 युवकों की मौत

एजेंसी

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार पर सवार सभी पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि कार में देलवाड़ा राजसमंद निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव

जीनगर (23) के अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति सवार था। ये अंबेरी से रॉन्ग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर रफ्तार में था। डंपर के ड्राइवर ने कार को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे जगह नहीं मिली जिससे डंपर की कार से टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इसमें सवार सभी युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सुखेर थाने की टीम ने कार से शवों को निकाला। पुलिस का कहना है कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

खास खबर

डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चिकित्सा लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई और मां को सात दिनों तक असहनीय दर्द सहना पड़ा। इस घटना पर कंज्यूमर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए डॉक्टर गजाला राशिद को 7.90 लाख पाकिस्तानी रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही, डॉक्टर पर 2 लाख रुपये का अतिरिक्त जुमार्ना भी लगाया गया। जुमार्ना न भरने पर डॉक्टर को दो साल की जेल हो सकती है। यह मामला तब शुरू हुआ जब मोमल जलबानी नामक महिला ने अपनी डिलीवरी के लिए डॉक्टर गजाला राशिद से संपर्क किया। डिलीवरी के दौरान सिजेरियन ऑपरेशन किया गया, लेकिन डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की जान चली गई। डॉक्टर ने दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान जटिलताएं आई थीं, जिसकी वजह से बच्चा नहीं बच पाया।

आतंकियों ने पैसेंजर वैन पर बरसाईं गोलियां

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस टेररिस्ट अटैक में 50 लोगों की मौत हो गई है। ये हमला खैबर पख्तूनख्वा के डाउन कुर्रम इलाके में एक पैसेंजर वैन पर हुआ है। हमले में एक पुलिस अधिकारी और महिलाओं समेत दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं।

इस हमले में 50 लोगों की मौत हुई है। पैसेंजर वैन जैसे ही लोअर कुर्रम के ओचुट काली और मंदुरी के पास से गुजरी, वहां पहले से घात लगाकर बैठे आतंकियों ने वैन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। पैसेंजर वैन पाराचिनार से पेशावर जा रही थी। वहीं, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

लॉरेंस गैंग ने ली कैफे में आग की जिम्मेदारी

जयपुर । कैफे को आग से जलाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। यहां लॉरेंस बिश्नोई नाम की आईडी से सोशल मीडिया पर धमकी दी गई। मैसेज में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए धमकाया गया कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। इसके बाद कैफे मालिक ने बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी पारस जैन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। सहकार मार्ग पर जेपी अंडरपास के नजदीक उनका कपटी के नाम से कैफे है। 29 अक्टूबर की देर रात करीब 1:45 बजे कैफे में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। कैफे में आग की सूचना पर बजाज नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से करीब 15 मिनट की मशक्कत कर काबू पाया। आग से कैफे में करीब 4 लाख रुपए का नुकसान हो गया। अब पुलिस आग लगाने वाले की तलाश कर रही है। कैफे में रखा पूरा सामान आग में जलकर कबाड़ में बदल गया। पीड़ित की ओर से इंस्टाग्राम अकाउंट पर कैफे के आग में जलने की जानकारी पोस्ट की गई। पोस्ट में लिखा- इस हमले की जिम्मेदारी मैं और मेरा भाई गोल्डी बरार लेते हैं।

आज टकरा सकता है बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात फेंजल

एजेंसी

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय स्थिति बन चुकी है, जिससे मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में फेंजल नामक चक्रवात के बनने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण अंडमान और निकोबार के पास बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय दबाव क्षेत्र बन चुका है। इसके प्रभाव से आस-पास के क्षेत्रों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे तेज होकर गहरे दबाव और फिर चक्रवात का रूप ले सकता है। अगर यह चक्रवात पूर्ण रूप लेता है, तो इसे फेंजल नाम दिया जाएगा। यह नामकरण सऊदी अरब द्वारा किया गया है। इससे पहले अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में इसी क्षेत्र में बने दाना चक्रवात ने भारी प्रभाव डाला था, जिसका नाम कतर द्वारा दिया गया था। हालांकि, आईएमडी ने अब तक

इस संभावित चक्रवात की सटीक दिशा, तीव्रता या उससे होने वाले नुकसान के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी ऐहतियाती कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समुद्र में मछुआरों को नहीं जाने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा है कि चक्रवातीय दबाव अगले 24 घंटे में और मजबूत हो सकता है। समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की गति के चलते यह चक्रवातीय दबाव शनिवार या रविवार को मुख्य भारतीय भूभाग के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच सकता है।

अडानी पर रिश्वत का आरोपः अंतरराष्ट्रीय विवाद गहराया

- बांग्लादेश और श्रीलंका की डील्स पर संकट

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में गौतम अडानी और उनके समूह पर 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप लगने के बाद अडानी ग्रुप वैश्विक विवादों में घिर गया है। न्यूयॉर्क की एक अदालत में दायर मामले के अनुसार, अडानी ग्रुप ने भारत में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट हासिल करने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को भारी रिश्वत दी। इस घटना ने न केवल भारत में, बल्कि बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों में भी अडानी ग्रुप की परियोजनाओं को संकट में डाल दिया है। वहीं इस मसले पर अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को खारिज करते

हुए अपनी परियोजनाओं की पारदर्शिता पर जोर दिया है। हालांकि, अमेरिकी जांच और बांग्लादेशी अदालत के आदेश ने समूह की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस विवाद का असर न केवल अडानी ग्रुप की परियोजनाओं, बल्कि भारत की वैश्विक व्यापार साख पर भी पड़ सकता है। बांग्लादेश हाईकोर्ट ने अडानी ग्रुप के साथ हुए 25 साल के बिजली समझौते (पीपीए) की फिर से जांच का आदेश दिया है। झारखंड के गोड्डा में अडानी ग्रुप के पावर प्लांट से बांग्लादेश को सप्लाई की जा रही बिजली की दरें अत्यधिक होने का आरोप है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह डील शुरू से विवादास्पद रही है क्योंकि इसे निविदा प्रक्रिया के बिना मंजूरी दी गई थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे बांग्लादेश को बिजली भुगतान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीलंका में अडानी ग्रुप की बिजली परियोजनाओं पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद श्रीलंका को भ्रष्टाचार से बचने के लिए अडानी ग्रुप के साथ समझौतों की समीक्षा करनी चाहिए।केन्या ने पहले ही अडानी ग्रुप के साथ अपने ऊर्जा और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स को रद्द कर दिया है। इन विवादों ने अडानी ग्रुप की अंतरराष्ट्रीय साख पर गहरा असर डाला है। भारतीय शेयर बाजार में अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई है।

ऊर्जा मंत्री ने लगाई अधिकारियों को फटकार

अजमेर। अजमेर डिस्कॉम मुख्यालय में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सम्भाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मंत्री ने बिजली कनेक्शन में देरी सहित अनियमित बिजली कटौती और अन्य समस्याओं को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई है। साथ ही अजमेर में बिजली आपूर्ति का जिम्मा सम्भाल रही टाटा पावर की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। अजमेर डिस्कॉम मुख्यालय में अजमेर डिस्कॉम व राजस्थान प्रसारण निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने टाटा पावर की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की। इसके लिए मंत्री नागर ने प्रबन्ध निदेशक को निर्देश दिए कि टाटा पावर की जांच करें और अगर कोई लापरवाही की जा रही है।

एग्जिट पोल्स में महाराष्ट्र सीएम के लिए लोगों की पहली पसंद शिंदे

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एग्जिट पोल्स ने महायुति और महाविकास अघाड़ी में कड़ी टक्कर का अनुमान लगाया है। इनमें से कई एग्जिट पोल्स कह रहे हैं कि बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति को जीत मिलेगी तो तीन एग्जिट पोल्स महाविकास अघाड़ी को जिता रहे हैं। इस बीच एक अन्य एग्जिट पोल ने सीएम की पसंद के बारे में भी बताया है।

सर्वे के मुताबिक जनता ने महाराष्ट्र में सीएम के तौर पर मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे को ही अपनी पहली पसंद बताया है। सर्वे में कहा गया है कि 31 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे को दोबारा सीएम देखना चाहते हैं। दूसरे नंबर पर उद्धव ठाकरे हैं। उन्हें 18 फीसदी लोगों की पसंद उद्धव ठाकरे हैं। यह देवेंद्र फडणवीस के लिए झटके की तरह है, जो फिलहाल डिप्टी सीएम हैं और बीजेपी के नंबर वन पार्टी बनने की स्थिति में उन्हें सीएम के तौर पर देखा जा रहा है। देवेंद्र फडणवीस को 12 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया। इसके बाद चौथे नंबर पर शरद पवार आते हैं और 5वें स्थान पर बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर हैं। उन्हें 3 फीसदी लोगों ने पसंद किया है। इस रेटिंग में अजित पवार काफी नीचे हैं, जो कई बार कह चुके हैं कि वह राज्य का सीएम बनना चाहते हैं। वह संयुक्त रूप से छठे नंबर पर हैं। उनके साथ ही नितिन गडकरी और नाना पटोले को भी 2 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया है।

निज्जर की हत्या के मामले में नहीं है कोई सबूत : कनाडा

एजेंसी

ओटवा। खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इसके पीछे भारत के साजिश बताई थी। लेकिन इस आशय के कोई सबूत नहीं दे पाया था। यहां तक की भारत ने कई बार प्रमाण मांग लेकिन कनाड़ा उपलब्ध नहीं कराया पाया। जब इस मामले में ज्यादा दबाव पड़ा तो कनाडा ने बयान जारी करके साफ कर दिया कि हमारे पास कोई सबूत नहीं है। कुल मिलाकर निज्जर मामले में कनाडा सरकार अब बैकफुट पर आ गई है। ट्रूडो सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सहित कनाडा में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य शीर्ष अधिकारियों की भूमिका के कोई सबूत नहीं हैं।कनाडा सरकार ने स्पष्टीकरण देकर कहा है कि देश में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की कोई भूमिका नहीं है।

दो बच्चों की नाडी में डूबने से मौत

अजमेर । स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चों की नाडी (छोटा तालाब) में डूबने से मौत हो गई। दोनों सरकारी स्कूल में लंच के दौरान बाहर गए थे। उनके दो दोस्तों ने स्कूल जाकर टीचर और ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। हादसे में स्कूल की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। दोनों छोटे बच्चे कैसे स्कूल समय में बाहर चले गए, ये जांच का विषय है। श्रीनगर थाने के एएसआई हनुमान सिंह ने बताया कि हादसा अजमेर शहर से 25 किमी दूर कालेड़ी गांव का है। इस गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे बलवीर (9) और आयुष (11) हादसा का शिकार हुए हैं।

अमेरिका में पढ़ने वाले छात्रों में भारत सबसे आगे

- 2023-2024 में अमेरिका में करीब 3.3 लाख भारतीय छात्र कर रहे पढ़ाई

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय स्टूडेंट्स की संख्या सबसे ज्यादा है। 2009 के बाद पहली बार अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों की संख्या मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2023-2024 में अमेरिका में करीब 3.3 लाख भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो अमेरिका में पढ़ने वाले 11 लाख विदेशी छात्रों में 29.4 फीसदी हैं। पिछले अकादमिक साल में इंटरनेशनल छात्रों की

संख्या में भारतीय छात्रों की संख्या 25.4 फीसदी थी। इस तरह 15 साल में पहली बार भारत इस सूची में टॉप पर है। 2023-2024 में अमेरिका में पढ़ने वाले चीन के छात्रों की संख्या 2.77 लाख है, पिछले वर्ष में 27.4 फीसदी की तुलना में इस बार यह घटकर 24.6 फीसदी रह गई। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में भारत के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों की संख्या 1.96 लाख है जिसमें पिछले साल के मुकाबले 18 फीसदी का इजाफा हुआ है। भारत के अंडरग्रेजुएट छात्रों की संख्या में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वहीं, दूसरी तरफ 2022-2023 में चीन के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों की संख्या में 2.58 फीसदी की गिरावट आई है जबकि अंडरग्रेजुएट की संख्या 12.75 फीसदी घटी है।

इस सूची में भारत के बाद चीन दूसरे नंबर पर है। अमेरिका में चीन के 2.77 लाख छात्र पढ़ते हैं। दक्षिण कोरिया के 43,149, कनाडा के 28,998 और ताइवान 23,157 छात्र अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हैं। बता दें कि भारत में अमेरिकी दूतावास ने इस बारे में जारी बयान में कहा, 2008-2009 के बाद पहली बार भारत अमेरिका में अपने स्टूडेट्स भेजने के मामले में शीर्ष पर है।

शातिर अपराधी को एएटीएस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली । योग्य डीसीपी श्री सचिन शर्मा आउटर के निदेर्शानुसार, आउटर जिले के क्षेत्र में आग्नेयास्त्रों की घटनाओं को रोकने और हताश अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है, 21.11.24 को, टीम को सूचना मिली कि हत्या के मामले में फरार आजीवन कारावास की सजा काट रहा एक अपराधी अवैध आग्नेयास्त्रों के साथ दिल्ली के थाना राज पार्क के क्षेत्र में घूम रहा है, मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी नरेन्द्र खत्री और एसआई दीपक दहिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और एक रणनीतिक अभियान चलाया और सूचना और तकनीक के आधार पर, टीम ने 1 अपराधी को पकड़ा

जिसकी पहचान भूपेंद्र के रूप में हुई उसकी सरसरी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 देशी सिंगल शॉट पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए, लगातार पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि 2003 में उसने दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र में डकैती करते हुए एक क्रूर हत्या की थी और 2005 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी इसके अलावा वह सितंबर 2022 में 21 दिनों के लिए छुट्टी पर आया था और उसके बाद से वह फरार था और पुलिस से छिप रहा था,वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था।

प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीतापुर । उत्तर प्रदेश के सीतापुर में शादी के दो दिन पहले एक प्रेमी युगल ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाह के हल्दी के कार्यक्रम वाले दिन दोनों के शव कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटके हुए मिलने से हड़कंप मच गया। मालूम हो कि दोनों ने सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था, लेकिन शादी के तारीख रद्द होने के चलते मंदिर में शादी करने का निर्णय लिया था। हालांकि लड़के के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मामला ग्राम मिठौरा का है। जानकारी के अनुसार युवक गुड्डू पुत्र रामविलास निवासी बरगदिया उम्र 25 वर्ष और युवती रुचि पुत्री भगवती प्रसाद निवासी बिठौरा के बीच 3 सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

अब पुतिन के रडार पर पोलैंड

एजेंसी

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने अब एक नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है, क्योंकि दोनों देशों ने अब लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। यूक्रेन ने अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलों से रूस पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि रूस ने भी कीव पर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागकर अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है, यह संकेत देता है कि वह संघर्ष में किसी भी हद तक जा सकता है। इस बीच, रूस ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने पोलैंड में स्थित नए अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस बेस को अपनी टारगेट प्रायोरिटी लिस्ट में

शामिल कर लिया है। यह बेस बाल्टिक कोस्ट के पास स्थित रेड्जिकोवो शहर में है, जिसे 13 नवंबर को आधिकारिक तौर पर खोला गया था। रूस का कहना है कि इस प्रकार की पश्चिमी सैन्य सुविधाएं उसके लिए खतरे की घंटी हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा, पोलैंड में अमेरिकी मिसाइल डिफेंस बेस को हमारी संभावित टारगेट लिस्ट में रखा गया है। इन पश्चिमी सैन्य सुविधाओं से उत्पन्न खतरों का स्तर और प्रकृति हमें अच्छी तरह से ज्ञात है। नाटो ने हालांकि यह स्पष्ट किया है कि यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से डिफेंसिव है और इसका उद्देश्य यूरो-अटलांटिक क्षेत्र के बाहर से बढ़ते बैलिस्टिक मिसाइल खतरे से रक्षा करना है, लेकिन रूस इसे बार-बार खतरे के रूप में देखता है। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने 20 नवंबर को कहा था, यह बेस यूरो-अटलांटिक क्षेत्र के बाहर से बढ़ते बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के खिलाफ हमारी रक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है।

पाक से नाराज चीन अब अफगानिस्तान में बनाएगा सड़क

- यह गलियारा गेम-चेंजर साबित होगा, व्यापार का नया मार्ग खुलेगा

एजेंसी

बीजिंग। पाकिस्तान में आए दिन चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। इसके अलावा चीन के प्रोजेक्ट भी आतंकियों के निशाना पर हैं। इससे परेशान चीन ने अब चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का नया विकल्प खोजा है। इससे पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लग सकता है। दरअसल चीन, ईरान से तेल मंगाने के लिए अफगानिस्तान में एक सड़क

बनाने का प्लान किया है। यह तेल आयात के लिए अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित मार्ग होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पाकिस्तानी जनरलों से नाराज है। आतंकी हमलों को रोकने में वह नाकाम रहे हैं। इसके अलावा चीनी अधिकारियों ने ग्वादर में 65 अरब डॉलर से जुड़े फंड और बजट में भ्रष्टाचार पर भी रोष जताया है। चीन कथित तौर पर ईरान के साथ जुड़ने वाली सड़क बनाने पर ध्यान दे रहा है। ऐसा इसलिए कि वह ईरान का तेल एक सुरक्षित रास्ते से ला सके। अक्टूबर में करांची एयरपोर्ट पर आत्मघाती हमला हो या दासू बांध में चीनी इंजीनियरों की गाड़ी पर आतंकी हमला, हर बार पाकिस्तान सिक्योरिटी देने में विफल रहा है, जिससे चीन तंग आ चुका है। अक्टूबर में हुए हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए ने पाकिस्तान और चीन बलूचिस्तान के शोषण का आरोप लगाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का यह गलियारा गेम-चेंजर होगा। इससे न केवल तेल का आयात बढ़ेगा, बल्कि एक नए व्यापारिक मार्ग को नया आकार मिल सकता है।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि यूट्यूब पर सीआईए एजेंट ने चीन की ईरान तक रोड को लेकर कहा था कि चीन अफगानिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया था कि चीन अफगानिस्तान के जरिए ईरान तक जाने का रास्ता चाहता है। ताकि अगर भविष्य में कभी अमेरिका से युद्ध होता है तो उसकी तेल सप्लाई न रुके। ईरान और अफगानिस्तान का रास्ता उसके लिए सबसे सुरक्षित हो जाएगा।

राजस्थान में पड़ने लगी कंपकपा देने वाली ठंड, कई शहरों का पारा आया नीचे

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के सर्दी अपना असर दिखाने लगी है। पिछले चार दिनों में लोग सर्दी से कांपने लगे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चल रही है, जिससे सर्दी बढ गई है। माउंटआबू के तापमान में गिरावट आई है। वहां का न्यूनतम तापमान 5.0 सेल्सिसय पहुंच गया है। सीकर और फतेहपुर भी ठंड की चपेट में है। फतेहपुर का तापमान भी 6.7 डिग्री सेल्सियस और सीकर का तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक आगामी चार पांच दिन में सर्द हवाएं और तेज चलेंगी जिससे सर्दी का असर और बढ़ेगा।

सर्द हवाओं और ठंड का असर प्रदेश के ज्यादातर शहरों में

दिखाई देने लगा है। लोग गरम कपड़े पहने नजर आने लगे हैं। पिछले दो दिन कोहरे का असर कम था। कोहरा कम होने से उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, बीकानेर और हनुमानगढ़ में सर्दी से थोड़ी राहत मिली थी। शुक्रवार को कोहरे छाया रहा है। गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर सहित शेखावाटी क्षेत्र के जिलों से लेकर जयपुर तक कोहरे की चादर बिछी है। इस कोहरे की चादर के साथ स्मॉग भी है।

एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर : सुष्मिता सेन

बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने एक बार फिर अपने प्रेरणादायक दृष्टिकोण से फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने एक प्रेरक संदेश साझा करते हुए लिखा, एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर है।

सुष्मिता ने अपने पोस्ट में बताया कि सपने देखना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है उन्हें हकीकत में बदलने का प्रयास करना। उन्होंने कहा, इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है, लेकिन बिना गति के यह बेकार है। उनका संदेश इस बात पर जोर देता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। हाल ही में सुष्मिता को दांत के दर्द के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक के पास जाते हुए देखा गया। जब क्लिनिक के बाहर पैपराजी ने उनसे बातचीत की, तो उनकी आवाज में लड़खड़ाहट स्पष्ट थी, जो दर्द और एनेस्थीसिया का परिणाम थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी खास गर्मजोशी और विनम्रता से पैपराजी का अभिवादन किया, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता है। सुष्मिता का यह संदेश उनके फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अपने जीवन और करियर में साहसिक और प्रभावशाली कदम उठाने वाली सुष्मिता ने यह साबित किया है कि इरादों को अमल में लाने की ताकत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। बता दें कि सुष्मिता सेन को अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित वेब सीरीज आर्या में उनके दमदार अभिनय के लिए खूब सराहना मिली। इसके अलावा, उन्होंने बायोग्राफिकल ड्रामा ताली- बजाऊंगी नहीं, बजाऊंगी में ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत की भूमिका निभाई। यह सीरीज मुंबई की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट के संघर्ष और उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है।

सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना प्रेरणादायक: जान्हवी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा की बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर तारीफ की है। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना सबसे प्रेरणादायक होता है। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर को हुआ, जिसमें नयनतारा के करियर और निजी जीवन की चुनौतियों का विवरण दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नयनतारा और उनके पति विग्नेश शिवन के बीच की प्रेम कहानी और फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष को भी दर्शाया गया है। जान्हवी कपूर ने नेटफ्लिक्स की पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा को एक साहसी और प्रेरणादायक महिला के रूप में सम्मानित किया। हालांकि, जान्हवी की पोस्ट उस समय आई है, जब नयनतारा और अभिनेता धनुष के बीच एक विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को, नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र शेयर किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर कई गंभीर आरोप लगाए। नयनतारा ने दावा किया कि धनुष उनके प्रयासों से ईर्ष्या करते हैं और उनके सार्वजनिक रूप से दोस्ताना दिखने के बावजूद उनका असल स्वभाव बिल्कुल अलग है। इस पत्र में नयनतारा ने धनुष को 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करने पर भी कड़ी आलोचना की। यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ था जब नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में नानुम राउडी धान के एक 3 सेकंड के क्लिप का उपयोग किया गया था, जो कि धनुष द्वारा निर्मित फिल्म थी। नयनतारा ने इस पर गुस्से में लिखा कि धनुष का कानूनी नोटिस चौंकाने वाला था, क्योंकि उस क्लिप का उपयोग सोशल मीडिया पर पहले से ही सार्वजनिक किया गया था। इस विवाद के बीच, नयनतारा के समर्थन में कई अन्य साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां, जैसे श्रुति हासन, ऐश्वर्या राजेश, अनुपमा परमेश्वरन, और पार्वती थिरुवोथु, खड़ी नजर आईं हैं। बता दें कि नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है, जिसे काफी सराहा जा रहा है।

अभिनेत्री नयनतारा हुई 40 साल की

अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है।उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है। बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं। बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।

दया, सम्मान और आपसी समर्थन रिश्ते के अहम पहलू: भूमि पेडनेकर

हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने पिछले कुछ दिनों के अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी की झलक पेश की। अभिनेत्री भूमि ने अपनी पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। इसके साथ उन्होंने कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अलग-अलग पोज़ देती नजर आ रही हैं। इससे पहले भूमि ने एक सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम ॥सोमवार मोड ॥भूमि हाल ही में एक टॉक शो में नजर आईं। शो में उन्होंने रिश्तों और साथी में प्राथमिकताओं को लेकर खुलकर बात की। भूमि ने कहा कि उनके लिए दया, सम्मान और आपसी समर्थन किसी भी रिश्ते के सबसे अहम पहलू हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा साथी चाहती हूं जो दयालु हो, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करे, और जो मेरे काम पर गर्व महसूस करे। भूमि इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी व्यस्त हैं। उनका हालिया प्रोजेक्ट, क्राइम थ्रिलर भक्त, में वह एक उग्र पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जो सच्चाई उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके अलावा, वह मुदस्सर अजीज की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह के साथ नजर आएंगी। भूमि की अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज द रॉयल्स है। इस सीरीज में ईशान खट्टर, जीनत अमान, नोरा फतेही और मिलिंद सोमन जैसे स्टार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहता: सुधांशु पांडे

छोटे परदे की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली के लिए बीते कई महीने मुश्किलों भरे रहे हैं। एक्ट्रेस पर पहले कई को-स्टार्स ने बुरा व्यवहार करने के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उनकी सौतेली बेटी ने उनपर मारपीट और डराने के कई गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर एक्ट्रेस की सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक्ट्रेस पर उनका घर तोड़ने और उनके पिता को छीनने का आरोप लगाया था। इन सबके बीच रुपाली गांगुली के को-स्टार रहे सुधांशु पांडे ने एक्ट्रेस पर लगे इन आरोपों पर रिएक्ट किया है। बातचीत के दौरान सुधांशु पांडे ने उनकी को-स्टार रही रुपाली गांगुली पर लगे आरोपों पर रियेक्ट किया है। एक्टर ने डिटेल में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि वो उनकी निजी जिंदगी है और वो किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान सुधांशु कहते हैं, 'मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि ये किसी का बहुत ही निजी मामला है। किसी के पर्सनल मैटर के बारे में बात करना सही बात नहीं है।' वो आगे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि इसकी जरूरत नहीं है। हम सबके जीवन में ऐसी चीजें होती हैं और हम अपने-अपने तरीकों से इससे डील करते हैं। बाकी सब भगवान पर छोड़ देते हैं'। बता दें, सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के पीछे एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को बताया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस से लड़ाई का बाद ही उन्होंने शो छोड़ा। सुधांशु के बाद मदालसा शर्मा सहित कई एक्टर्स ने शो छोड़ा और कई ने रुपाली पर पॉलिटिक्स करने के आरोप भी लगाए। कई सितारों ने दावा किया कि रुपाली सेट पर काफी राजनीति करती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने इन बयानों पर चुप्पी साधी हुई है।

मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था। हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'इन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती।' मानुषी ने आगे कहा कि ये वीडियो एक विरोधाभास जैसा लग सकता है, लेकिन इसे विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो में केक खाते और प्रियंका कुमारी और साना दुआ से उसे खिलाते हुए खुद को दिखाया, जबकि दूसरे वीडियो में वह अपनी टीम के साथ फिटिंग करती दिखाई दीं। खिताब जीतने के बाद से मानुषी ने सिर्फ ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस के तौर पर भी भारत को गर्वित किया है। वह अब अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेहरान की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ अभिनय कर रही हैं।

एल्बम ग्लोरी के गाने में नजर आएगी नोरा फतेही

अभिनेत्री नोरा फतेही और रैपर यो यो हनी सिंह की जोडी अपने नए सहयोग से एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही है। नोरो रैपर हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी के गाने पायल में नजर आएगी। नोरा ने सोशल मीडिया पर म्यूजिक वीडियो का टीज़र शेयर करते हुए लिखा, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो, जिसे हनी सिंह ने गाया है और जिसमें मैं फीचर कर रही हूं, कल रिलीज़ होगा। वीडियो में नोरा के शानदार डांस मूव्स और हनी सिंह के यूनिक बीट्स ने फैंस को बेसब्री से इंतजार में डाल दिया है। हनी सिंह ने पर्दे के पीछे की शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस के कठोर तापमान में फिल्माया गया। उन्होंने नोरा के समर्पण और प्रोफेशनलिज़्म की तारीफ करते हुए उन्हें महान और बेहद मेहनती कलाकार कहा। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली नोरा हर प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उनकी हालिया तेलुगु फिल्म मटका को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा, पेरिस फैशन वीक 2024 में नोरा ने लुई वुइटन के शो में अपनी उपस्थिति से तहलका मचा दिया। नोरा की अगली बड़ी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना में जेसन डेरुलो के साथ एक और म्यूजिक वीडियो शामिल है, जो जल्द ही रिलीज़ होगा।

सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' के लिये कृष्णा भारद्वाज ने सिर मुंडवाया

सोनी सब के शो तेनाली रामा के लिये अभिनेता कृष्ण भारद्वाज ने अपना सिर मुंडवाकर भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। एक बार फिर तेनाली रामा के किरदार में कदम रखने के लिए तैयार कृष्ण भारद्वाज ने कहा, मैं एक ब्राह्मण परिवार से आता हूं, और हमें अपना सिर मुंडवाने की अनुमति नहीं है, जब तक कि घर में कोई त्रासदी न हो। मेरी मां ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'यह अशुभ है!', लेकिन उन्होंने यह भी समझा कि मैं अपने काम के प्रति समर्पित हूं और उन्होंने मेरे निर्णय में मेरा समर्थन किया। कृष्णा भारद्वाज ने कहा, इस बार मुझे रात में सोने में कठिनाई हो रही है क्योंकि मेरे सिर और तकिये के बीच घर्षण हो रहा है और जब से मैंने अपना सिर मुंडवाया है, तब से मुझे खुजली और अजीब लग रहा है। साथ ही मेरा लुक पूरी तरह से बदल गया है। आपका रूप आपके व्यक्तित्व का एक बड़ा हिस्सा है, खासकर एक अभिनेता के लिए। जब पहला सीज़न समाप्त हुआ, तो मैंने अपने बाल वापस उगाने की कोशिश की, लेकिन वे पहले की तरह घने नहीं हुए। इस बार गंजा होना कठिन लगा क्योंकि मैंने अपने बालों को फिर से उगाने और बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की थी। फिर भी, मैं हमेशा खुद को समझाता हूँ कि गंजा होने के बाद भी मैं सुंदर दिखता हूं। तेनाली रामा दिसंबर में सोनी सब पर रात आठ बजे प्रसारित होगा।



जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निर्माता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे।

एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है। एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफ़ीज़ को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

गौतमबुद्धनगर में सरकारी दफ्तरों में काम-काज का समय बदला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार गंभीर स्थिति में बना

हुआ है। गौतमबुद्धनगर जिले में भी प्रदूषण की स्थिति को ध्यान में रखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) के स्टेज IV को लागू कर दिया है। इसी के तहत गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सरकारी कार्यालयों के कार्य समय में बदलाव का आदेश जारी किया है।

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेशों के तहत राज्य सरकार के अधीन कार्यालय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुलेंगे। वहीं औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा/ग्रेटर नोएडा/YEIDA/UPSIDA) के कार्यालय : सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक। नगर पालिका परिषद/पंचायत कार्यालय (दादरी, जेवर, रबूपुरा, जहांगीरपुर, दनकौर, बिलासपुर) : सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुले रहेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि गौतमबुद्धनगर जिले सहित पूरे NCR में वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब स्थिति में पहुंच चुका है। ऐसे में जनजीवन को बचाने और स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और आसपास के अन्य NCR जिलों में भी सार्वजनिक कार्यालयों और नगर निगमों के समय को चरणबद्ध करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जनता से अपील की है कि वे निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करें और सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें ताकि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके।

साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, कौशल विकास पर कार्यशाला

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्ध कमिश्नरेट में प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को साइबर अपराध, भारतीय न्याय संहिता, कौशल विकास, फॉरेंसिक प्रशिक्षण तथा महिला संबंधी अपराधों के विषय में जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया।

प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के लिए आयोजित की गई कार्यशाला के समापन अवसर पर कमिश्नरेट गौतमबुधनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने उपनिरीक्षकों को साइबर अपराध, कौशल विकास, फॉरेंसिक परीक्षण तथा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में बताया तथा उन्हें पीड़ितों को जल्द से जल्द सहायता देने के लिए प्रोत्साहित किया।

सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी उपनिरीक्षकों को संबोधित करते हुए गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने साइबर अपराधों से निपटने व अधिक सक्षम बनने, लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक करने, साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्ति को त्वरित सहायता प्रदान करने व साइबर अपराधों की विवेचना कर महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाना के लिए कहा। उन्होंने नए कानून भारतीय न्याय संहिता के महत्व, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, फोरेंसिक जांच व क्राइम सीन का फॉरेंसिक निरीक्षण करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को बताया। पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कौशल विकास के बारे में प्रकाश डालते हुए उपनिरीक्षकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा आधुनिक तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट करने के लिए भी प्रेरित किया। पुलिस कमिश्नर ने प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित को जल्द से जल्द सहायता देने तथा उसे उचित न्याय मिले इसका प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर महिलाओं व छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित का स्कूल व कार्य स्थल पर पॉस्को एक्ट, गुड टच- बैड टच, लैंगिक अपराधों के बारे में जानकारी दी जाए जिससे महिलाएं व छात्राएं बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी बात पुलिस अधिकारी के समक्ष रख सके।

'द साबरमती रिपोर्ट' में बेबाकी से दिखाई गई है सच्चाई : डॉ.महेश शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा ने

पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गोधरा काण्ड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में यह फिल्म देखी थी और इस फिल्म को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है।

'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखने के बाद सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म में सच्चाई को बहुत साहस के साथ बेबाकी से दिखाया गया है। झूठ की उम्र तब तक होती है जब तक सच का सामना नहीं होता। उन्होंने फिल्म में सराहनीय भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को बधाई दी।

इस मौके पर उप्र की पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष विमला बॉथम, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष जुगराज चौहान, योगेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, मनीष शर्मा व भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दिव्यांगजन ट्राईसाइकिल के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

नोएडा (चेतना मंच)। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर आशीष कुमार सिंह ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को बताया कि जनपद के ऐसे पात्र दिव्यांगजन, जिन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल की आवश्यकता है एवं जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत या इससे अधिक है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की वेबसाइट https://hwd.uphq.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय दिव्यांगता दर्शाता रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, जन्मतिथि/आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/हाई स्कूल मार्कशीट), पहचान प्रमाण पत्र (वोटर आईडी/हाई स्कूल मार्कशीट/यू0डी0आई0डी0 कार्ड), आय प्रमाण पत्र (शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र- 180000/ - वार्षिक), दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यू0डी0आई0डी0 कार्ड, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 80 प्रतिशत या उससे अधिक हो आदि अभिलेखों/प्रपत्रों की आवश्यकता होगी। उन्होंने यह भी बताया कि निशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराए जाने की नियमावली 2020 के अंतर्गत अनुदान की अधिकतम धनराशि मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वास्तविक मूल्य अथवा 25000/-रूपये जो भी हो, प्रति दिव्यांगजन अनुमन्य होगा। यदि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की कीमत 25000/-रुपए से अधिक होती है तो अनुदान की अधिकतम धनराशि 25000/- रुपए के अतिरिक्त आने वाले व्यय भार स्वयं लाभान्वित होने वाले व्यक्ति द्वारा वहन किया जाएगा। इसकी भरपाई विधायक निधि/सांसद निधि/सी0एस0आर0 या अन्य किसी वित्त पोषण के माध्यम से भी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त धनराशि का भुगतान सीधे आपूर्तिकर्ता फर्म को किया जाएगा।

स्पीड ब्रेकर पर लगाया जाए रिफ्लेक्टिव पेंट

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा पंजाबी एकता समिति (पंजी) ने की नोएडा अथॉरिटी से मांग की है कि सेक्टरों में बने स्पीड ब्रेकर जानकारी देने के लिए सेक्टरों में सावधानी के बोर्ड लगाए जाएं।

नोएडा पंजाबी एकता समिति (पंजी) के महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा ने नोएडा अथॉरिटी से मांग की है कि नोएडा शहर में कहीं भी किसी भी सड़क पर सेक्टर के अंदर कोई भी स्पीड ब्रेकर पर रिफ्लेक्टिव पेंट जरुर होना चाहिए और उससे कुछ पहले सावधानी का बोर्ड जरूर लगाना चाहिए। रात के समय और दो पहिया वाहनों के लिए यह बहुत जरूरी है।

स्पीड ब्रेकर से पहले सावधान का बोर्ड और हर ब्रेकर पर रिफ्लेक्टिव पेंट किया जाना आवश्यक है परंतु नोएडा में इसका पालन बिल्कुल नहीं किया जाता है। सेक्टरों के अंदर बने स्पीड ब्रेकर पर तो किसी प्रकार की कोई सावधानी नहीं बरती जाती है।

जन्मदिन की बधाई

तुम जियो हजारों साल॥
साल के दिन हों 50 हजार॥
भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी निवासी बिरौंड़ी ग्रेटर नोएडा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
चेतना मंच परिवार

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

S.No	Plot Size	House No./Block	Price	Other Details
1	300 Sq.mtr	C-291, Sigma - 02	92 Lakh	Completion, S/W
2	200 Sq.mtr	G-660, Alpha - 02	1.25 Cr.	Completion,N/E & 18 MTR Road
3	60 Sq.mtr	G-439, Gamma - 02	52 Lakh	Single Story, Corner(18X12),N/E
4	1265 Sq.ft	Silver City - 02, PI-1	55 Lakh	2+1 BHK Apartment
5	29.76 Sq.ft	3TF/Block-60, Sector - 10	9 Lakh	1 BHK, Top Floor
6	2450 Sq.ft	Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04	On Request	4BHK, Low rise, Lift
7	237 Sq.mtr	C-363, Sector - 03(EXTN)	1.40 Cr.	50% Completion, Corner, N/ W
8	110 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
9	131 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
10	930 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	14000/Sq.Mtr.	Corner Plot

COMMERCIAL

S.No	Shop Size	Complex Address	Price	Other Details
1	29.5 Sq.mtr	Block - C, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, Corner, N/E
2	463 Sq.ft	NQI Plaza, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, N/E
3	19.5 Sq.mtr	Kadamba Shopping Complex, Gamma -01	40 Lakh	G.Floor, N/W
4	8.15 Sq.mtr	Kiosk, P-3	22 Lakh	24 Mtr Road, N/W

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

मुलायम की जयंती पर सपाइयों ने किया रक्तदान

नोएडा (चेतना मंच)। सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर सेक्टर-31 स्थित रोटरी क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सपा नोएडा महानगर के अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के साथ-साथ लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया। उसके बाद सेक्टर-31 जिला अस्पताल के निकट सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव ने 4 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने समाजवाद, लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में लगातार संघर्ष किया।

प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व जय करण चौधरी ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव हमेशा गरीबों, मजलूमों किसानों व मजदूरों की सहायता करते थे और रक्त एक ऐसा दान है इससे गरीबों को मदद मिलती है। पूर्व अध्यक्ष रेशपाल अवाना ने कहा कि हमें स्व. मुलायम सिंह के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में संजय त्यागी, मोहम्मद नौशाद, बबलू चौहान, राम सहेली ,शालिनी खारी, बबली शर्मा, नेहा पांडे, रामवीर यादव, टीटू यादव, बाबा जयवीर, मुकेश यादव,योगेश भाटी, गौरव चाचरा,सुमित अंबावत, अमित बसोया, कवित गुर्जर, रविंद्र यादव, राणा मुखर्जी, सौरभ चौहान, उदय सिंह, राजेश अवावत, लोकेश यादव, उदयवीर प्रधान, वीर बहादुर, अनुराग यादव, बिल्लू सैफी, सतवीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

'रोहिल्लापुर के बारात घर का जल्द होगा जीर्णोद्धार'

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने

नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम सिविल विजय रावल से रोहिल्लापुर के बारातघर को लेकर बातचीत की।

संस्था के अध्यक्ष रंजन तोमर द्वारा ग्राम रोहिल्लापुर के जीर्ण शीर्ण हुए बारात घर का जीर्णोद्धार करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि इसकी फाइल बहुत दिन से प्राधिकरण में रुकी हुई है जिसे नोवरा की मांग के कारण शुरू किया गया था, जिसमें मुख्य दरवाजों को बदलवाना, शौचालयों का पुनर्निर्माण, बरात घर के फर्श को ऊँचा उठाना समेत अन्य काम शामिल थे। श्री रावल ने इस बाबत जानकारी दी की जल्द ही इस विषय में कार्यवाही की जाएगी और बारात घर का जीर्णोद्धार जल्द ही किया जायेगा।

इसके अलावा सदरपुर एवं बहलोलपुर के रास्तों एवं नालियों को ढकने सम्बन्धी समस्या गाँव के निवासी घनश्याम चौहान एवं देवराज शर्मा बहलोलपुर ने की। इस बाबत श्री रावल ने कहा की सम्बंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए जल्द कदम उठाये जायेंगे।

इस दौरान छलेरा के पुनीत राणा ने भी अधिकारी को गांव की समस्या से अवगत करवाया।